लखनऊ । वाराणसी । नई दिल्ली

07 नवम्बर 2026 शनिवार
वर्ष : 20 अंक: 125
पृष्ठ : 8
वाराणसी
काशी संस्करण
मूल्य: 2.00 रूपए

लोक हस्तक्षेप

Power Of Truth

हिन्दी दैनिक

www.facebook.com/lokhastakshep www.twitter.com/lokhastakshep /Lokhastakshep /Lokhastakshep

www.lokhastakshep.com



आपदा में जान गंवाने वालों के परिवार को सरकार देगी आठ लाख

योगी सरकार ने किया आपदा राहत के मानकों में बदलाव

लखनऊ,संवाददाता। योगी सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित लोगों को राहत देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। योगी सरकार ने राज्य आपदा मोचन निधि और राष्ट्रीय आपदा मोचन निधि के तहत आर्थिक सहायता के मानकों में बदलाव करते हुए मुआवजे की राशि में बढ़ोतरी की है। अब प्राकृतिक आपदा में जान गंवाने वाले व्यक्ति के परिवार को चार लाख रुपये के स्थान पर आठ लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। फसल नुकसान, पशुधन की क्षति और मकान के नुकसान पर सहायता राशि में भी बढ़ोतरी की गई है। नए मानक वित्तीय वर्ष 2026–27 से 2030–31 तक प्रभावी रहेंगे। योगी सरकार का उद्देश्य आपदा प्रभावित परिवारों को तत्काल आर्थिक संबल देने के साथ उनकी आजीविका को दोबारा पटरी पर लाना है।राहत आयुक्त हृषिकेश भास्कर यशोद ने बताया कि प्राकृतिक आपदा में किसी व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को मिलने वाली सहायता राशि को दोगुना कर दिया गया है। पहले चार लाख रुपये की सहायता दी जाती थी, जिसे बढ़ाकर अब आठ लाख रुपये कर दिया गया है। इसी तरह प्राकृतिक आपदा में गाय, भैंस, घोड़े या ऊंट जैसे बड़े पशुओं की मृत्यु होने पर मिलने वाली सहायता राशि 40 हजार से बढ़ाकर 50 हजार रुपये कर दी गई है। बकरी, भेड़ और सूअर जैसे छोटे पशुओं के लिए यह राशि चार हजार से बढ़ाकर 5,500 रुपये कर दी गई है। वहीं, मुर्गीपालकों को भी राहत देते हुए प्रति मुर्गी सहायता राशि 100 से बढ़ाकर 130 रुपये कर दी गई है। भार ढोने वाले पशुओं की क्षति पर सहायता राशि 20 हजार से बढ़ाकर 25,400 रुपये की गई है।



योगी सरकार ने किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान की भरपाई के लिए भी सहायता राशि बढ़ाई है। अब सिंचित क्षेत्र में फसल नुकसान पर मिलने वाली सहायता 17 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर से बढ़ाकर 22 हजार रुपये कर दी गई है। इसी तरह वर्षा आधारित क्षेत्रों में फसल नुकसान की सहायता राशि 8,500 रुपये से बढ़ाकर 11 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर कर दी गई है। बागवानी और कृषि वानिकी से जुड़ी फसलों के नुकसान पर मिलने वाली सहायता राशि 22,500 रुपये से बढ़ाकर 30 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की गई है।

रफ्तार का कहर

तेज रफ्तार ट्रक ने लोगों को कुचला

सात की मौत और एक बच्चा गंभीर घायल

एजेंसी,रांची। झारखंड के खूंटी जिले में तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आने से तीन बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह हादसा बृहस्पतिवार रात कर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कर्रा–तोरपा मुख्य मार्ग पर हुआ, जब 18 पहियों वाले ट्रक ने अंरे में एक तीव्र मोड़ पर मुड़ते समय लोगों को कुचल दिया। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। खूंटी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ऋषभ गर्ग ने बताया कि बृहस्पतिवार रात एक स्कूटर सवार खाई में गिर गया था। उसे बचाने के लिए कुछ लोग कर्रा–तोरपा मुख्य सड़क पर पहुंचे। इस दौरान कई महिलाएं और बच्चे भी घटनास्थल पर जुट गए। अधिकारी ने बताया, इसी दौरान तोरपा की ओर से आ रहा 18 पहियों वाला एक ट्रक तीव्र मोड़ पर मुड़ते समय वहां मौजूद लोगों को कुचलता हुआ निकल गया। अंधेरा होने के कारण संभव है कि चालक की नजर सड़क पर जमा भीड़ पर नहीं पड़ी हो। उन्होंने बताया, हादसे में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति घायल हुआ है। उन्होंने बताया कि छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया मृतकों में तीन महिलाएं तीन बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं।



धनतेरस पर बड़ा एनकाउंटर: पैक्स अध्यक्ष हत्याकांड के तीन आरोपी ढेर

एजेंसी,पटना। बिहार की राजधानी पटना में धनतेरस की सुबह पुलिस और अपराधियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में तीन बदमाश मारे गए। यह कार्रवाई मनेर थाना क्षेत्र में पैक्स अध्यक्ष संजीत कुमार उर्फ भोलू की हत्या के मामले में की गई। पुलिस के मुताबिक, मारे गए तीनों आरोपी इस हत्याकांड में शामिल थे। इनमें दो शूटर और एक मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा है। मुठभेड़ के दौरान मनेर थानाध्यक्ष रजनीश कुमार के बाएं हाथ में गोली लग गई। उन्हें इलाज के लिए पटना भेजा गया है। यह मुठभेड़ शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे मनेर के शेरपुर गंगा नदी इलाके में हुई। पटना एसटीएफ और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम अपराधियों की तलाश में अभियान चला रही थी। इसी दौरान पुलिस और बदमाशों का आमना–सामना हो गया। दोनों तरफ से करीब 15 मिनट तक गोलीबारी हुई।



पुलिस का दावा है कि अपराधियों ने टीम पर कई राउंड फायरिंग की, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की। इसमें तीनों बदमाशों को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, मुठभेड़ में मारे गए अपराधियों की पहचान जेपी यादव, सूरज कुमार उर्फ राजा शर्मा और बबलू कुमार के रूप में हुई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि तीनों पैक्स अध्यक्ष संजीत कुमार उर्फ भोलू की हत्या की साजिश और वारदात में शामिल थे।

पुलिस के मुताबिक, सूरज और बबलू ने हत्याकांड में शूटर की भूमिका निभाई थी, जबकि जेपी यादव को मुख्य साजिशकर्ता बताया जा रहा है। दानापुर–2 के एसडीपीओ एके झा ने बताया कि तीनों अपराधी कई थानों में वांछित थे। पुलिस उन्हें लंबे समय से तलाश रही थी। घटनास्थल से दो पिस्तौल, एक देसी कट्टा और कई खोखे बरामद किए गए हैं।

तीसरी बार सरकार बनने पर बांटेंगे नियुक्ति पत्रः योगी

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा भाजपा सरकार में अब तक 9.50 लाख सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। 1 लाख और नौकरियों का वादा भी जल्द पूरा होने वाला है, लेकिन इस बार कुछ नियुक्ति पत्र रोक लेंगे। उन्हें तीसरी बार सरकार बनने पर बांटेंगे। सीएम ने लखनऊ में दरोगा पद पर चुने गए 4,543 युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने पूछा क्या किसी को रिश्वत देनी पड़ी या सिफारिश लगानी पड़ी? उन्होंने कहा कि अब यूपी में लेन–देन या धौंस से नौकरी मिलना संभव नहीं है। योगी ने कहा मैंने 2012 से 2017 और 2003 से 2017 के बीच का दौर भी देखा है।



उस दौरान कई ऐसी नियुक्तियां हुईं, जिनमें आवेदक कोई और था और नियुक्ति पत्र किसी और को दे दिया गया। ऐसे कई मामले अभी भी कोर्ट में चल रहे हैं। उन्होंने कहा मुझे चिंता होती है कि अगर कोर्ट ने गड़बड़ी वाली पुरानी भर्तियां रद्द कर दीं तो क्या होगा। हां, अगर कोर्ट उन अधिकारियों और बेईमानों की संपत्ति जब्त करने का आदेश दे, जिन्होंने युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया, तो मुझे बहुत खुशी होगी। योगी ने कहा दिवाली के ठीक बाद हम राजस्व विभाग में 1,200 से अधिक नियुक्ति पत्र देंगे। उसके बाद होमगार्ड भर्ती प्रक्रिया के तहत 42,000 युवाओं को जॉइनिंग लेटर सौंपेंगे।

कपड़ा बाजार मेंलगी आग पर दमकल की गाड़ियों ने घंटों बाद पाया काबू

एजेंसी,नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के न्यू आजादपुर इलाके में शुक्रवार सुबह कपड़ों की लेस की एक दुकान में आग लग गई, हालांकि



इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने पर दिल्ली अग्निशमन सेवा ने मौके पर दमकल की 16 गाड़ियां भेजीं। उन्होंने बताया कि आग लगने की सूचना सुबह करीब 8रू40 बजे गीता बाल भवन स्कूल के पास शांतिपुर मोहल्ले की एक दुकान से मिली। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अनुसार, दोपहर 12 बजे तक आग पर काबू पा लिया गया था। बातचीत में बाजार प्रमुख अभय जैन ने बताया कि दुकान में कपड़ों पर लगाने वाली लेस का कारोबार होता है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। उन्होंने बताया कि आग लगने के समय दुकान बंद थी और अंदर कोई मौजूद नहीं था। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां और पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों ने भी बचाव एवं आग बुझाने के प्रयासों में सहयोग किया। जैन ने कहा कि राहत की बात है कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन चार मंजिला इमारत में आग लगने के कारण आर्थिक नुकसान काफी अधिक होने की आशंका है।

मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने गिरिजा चरण राजपूत को दी श्रद्धांजलि

उरई/जालौन,संवाददाता। जालौन के ग्राम बम्हौरी कलां में शुक्रवार को जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह पहुंचे। उन्होंने पूर्व सांसद गंगा चरण सिंह राजपूत के छोटे भाई और चरखारी विधायक बृजभूषण सिंह के चाचा गिरिजा चरण राजपूत के निधन पर उनके आवास पहुंचकर श्रद्धांजलि दी। मंत्री ने गिरिजा चरण राजपूत के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस दौरान उन्होंने पूर्व सांसद गंगा चरण सिंह राजपूत और अन्य परिजनों से भी बातचीत की। मंत्री के पहुंचने पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और परिवार के सदस्यों ने उनका स्वागत किया। इस मौके पर चरखारी विधायक बृजभूषण सिंह, अखिल राजपूत, डॉ. अनिल राजपूत और ग्राम प्रधान अजय राजपूत समेत परिवार के सदस्य और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

खाद न मिलनेपर किसानों ने सड़क जाम की

बांदा,संवाददाता। बबेरु कस्बे के बाँदा रोड स्थित मध्य सहकारी समिति का है, जहाँ आज किसानों को खाद न मिलने से नाराज किसानों के दोपहर मे बाँदा बबेरू मुख्य राज्य मार्ग को जाम कर दिया, किसानी का आरोप है की तीन से चार दिनो से बराबर लौट रहे है, लेकिन खाद नहीं मिल रही बिना खाद के लौटना पड़ता है इस समय बुवाई का समय चल रहा खाद नहीं मिलेगी खेतो की बुवाई नहीं हो पायेगी सूचना मिलने पर मौके पर पहुँचे क्षेत्रीय विधायक विशम्भर सिंह यादव ने किसानों की खाद की समस्यायों सुनकर उपजिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियो को बुलाया, जाम की सूचना मिलने पर उपजिलाधिकारी अवनीश कुमार, व सोसायटी के सचिव सगीता कोतवाली प्रभारी संजय द्विवेदी जाम स्थल पहुच कर किसानो की समस्या सुनी और कर्मचारियों को बुलाकर स्टॉक की जानकारी ली ।

सौरव गांगुली की याचिका पर हाई कोर्ट सख्त

एजेंसी,नयी दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि फिल्म दूसरा प्रथम दृष्टया क्रिकेटर सौरव गांगुली के व्यक्तित्व अधिकारों का उल्लंघन करती है, लेकिन इस फिल्म के सिनेमाघरों में प्रदर्शन पर रोक लगाने



से इनकार कर दिया। यह फिल्म पिछले महीने रिलीज हुई थी। न्यायमूर्ति तेजस करिया ने हालांकि फिल्म निर्माताओं को फिल्म में उचित अस्वीकरण (डिस्क्लेमर) जोड़ने और दो करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जमा करने का निर्देश दिया। न्यायाधीश ने कहा कि फिल्म केवल ऐतिहासिक घटनाओं के चित्रण तक सीमित नहीं है और प्रतिवादियों ने प्रथम दृष्टया गांगुली की पहचान और व्यक्तित्व का व्यावसायिक फायदे के लिए इस्तेमाल किया है। अदालत ने गांगुली और लव फिल्म्स एलएलपी की ओर से दायर मुकदमे पर यह अंतरिम आदेश पारित किया।

लव फिल्म्स एलएलपी पूर्व क्रिकेट कप्तान की बायोपिक बना रही है। हाई कोर्ट ने 23 अक्टूबर को फिल्म दूसरा के निर्माताओं से गांगुली की उस याचिका पर जवाब मांगा था, जिसमें उन्होंने फिल्म में अपने व्यक्तित्व अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया था। अदालत ने निर्माताओं से फिल्म की स्क्रीनिंग की व्यवस्था करने को भी कहा था। हाई कोर्ट ने 22 अक्टूबर को गांगुली की याचिका पर फिल्म को सिनेमाघरों में रिलीज होने से रोकने से इनकार कर दिया था। अभिनय देव के निर्देशन में बनी इस फिल्म में प्लबिता बोरठाकुर, अंकुर विकल और समिधा गुरु मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।



आतिशबाजी की रंगीन छटा और हास्य कलाकारों की धमाकेदार प्रस्तुतियों से गूंजा निखत स्टेडियम

- भव्य दीपोत्सव में उमड़ा जनसैलाब
- राजीव निगम और अन्नू अवस्थी की हास्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को हंसाकर किया लोटपोट,
- रोशनी और मनोरंजन के अनूठे संगम ने दीपावली की खुशियों को बनाया यादगार



लोक हस्तक्षेप संवाददाता

उन्नाव। विगत दिवस दीपावली के उल्लास को यादगार बनाने के उद्देश्य से गुरुवार शाम करोवन क्षेत्र स्थित निखत स्टेडियम में आयोजित भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम रोशनी, मनोरंजन और उत्साह के अद्भुत संगम का साक्षी बना। सदर विधायक पंकज गुप्ता की ओर से आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ ने आयोजन को यादगार बना दिया। एक ओर हजारों दीपों की जगमगाहट और आकर्षक सजावट ने पूरे परिसर को उत्सव के रंग में रंग दिया, तो दूसरी ओर हास्य कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने लोगों को देर तक हंसने और तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।

दीपावली के अवसर पर निखत स्टेडियम को विशेष अंदाज में सजाया गया था। आयोजन स्थल पर जगह–जगह दीप प्रज्ज्वलित किए गए और रंग–बिरंगी रोशनी से पूरे परिसर को आकर्षक रूप दिया गया। दीपों की कतारों और जगमगाती रोशनी ने वातावरण को बेहद मनमोहक बना दिया। शाम ढलते ही जब दीपों की रोशनी चारों ओर फैलने लगी, तो स्टेडियम की खूबसूरती देखते ही बन रही थी। परिवार और परिचितों के साथ पहुंचे लोगों ने इस उत्सवी माहौल का भरपूर आनंद उठाया।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण मशहूर कॉमेडियन राजीव निगम और हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी की प्रस्तुतियां रहीं। दोनों कलाकारों ने अपने चिर–परिचित अंदाज, चुटीले संवादों और व्यंग्यपूर्ण हास्य से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। मंच से पेश किए गए हास्य प्रसंगों पर दर्शक लगातार ठहाके लगाते रहे। कभी जोरदार हंसी तो कभी तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा स्टेडियम गूंज उठता था। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के जरिए दर्शकों को कार्यक्रम से जोड़कर रखा और दीपोत्सव की खुशियों में मनोरंजन का नया रंग भर दिया।

दीपोत्सव में केवल मंचीय कार्यक्रम ही आकर्षण का केंद्र नहीं रहा, बल्कि शानदार रोशनी और आतिशबाजी ने भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। दीपों से सजे परिसर और आसमान में रंग–बिरंगी आतिशबाजी की चमक ने त्योहार की रौनक को कई गुना बढ़ा दिया। पूरा आयोजन स्थल उत्साह, उमंग और उल्लास से सराबोर नजर आया। बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने परिवार और मित्रों के साथ इस आयोजन का आनंद लिया और दीपावली की खुशियां साझा कीं।

इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अनुराग अवस्थी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निम्मी अरोड़ा, सर्व ६ र्म संसद के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वर्मा, अमित मिश्रा, नुरुल हक, प्रखर गुप्ता, प्रदीप सिंह और पवन सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

स्टेडियम में आयोजित यह दीपोत्सव दीपों की रोशनी, आतिशबाजी, हास्य और सांस्कृतिक उल्लास का शानदार संगम बनकर सामने आया। आयोजन ने न सिर्फ लोगों को दीपावली की खुशियां मनाने का अवसर दिया, बल्कि शहरवासियों को एक साथ बैठकर हंसने, मनोरंजन करने और त्योहार की खुशियां साझा करने का यादगार मौका भी प्रदान किया। देर शाम तक उत्साह और उल्लास का माहौल बना रहा।

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो युवक झुलसे,एक की मौत

सीतापुर,संवाददाता। जनपद में शुक्रवार दोपहर करीब 2.30 बजे खेत में काम करते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से दो युवक झुलस गए। दोनों को सीएचसी बिसवां पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे की हालत गंभीर है। उसका इलाज चल रहा है। मामला कोतवाली बिसवां क्षेत्र का है। मोचकला गांव निवासी ठाकुर प्रसाद के खेत में शुक्रवार को ट्रैक्टर से जुताई के बाद मयाई का काम चल रहा था। ट्रैक्टर पर छतरी लगी हुई थी। खेत के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की हाईटेंशन लाइन गुजर रही थी। इसी दौरान ट्रैक्टर की छतरी बिजली के तार से टकरा गई। इससे ट्रैक्टर में करंट फैल गया और पास में काम कर रहे दो युवक इसकी चपेट में आकर झुलस गए। युवकों की चीख–पुकार सुनकर खेत में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने दोनों को ऑटो से सीएचसी बिसवां पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने आयुष पुत्र मेया लाल (21) को मृत घोषित कर दिया।

वहीं आनंद सागर पुत्र ठाकुर प्रसाद (20) की हालत गंभीर बताई जा रही है। उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। अस्पताल में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी जुटाई। गांव निवासी अनुज काम्बले ने बताया कि खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन काफी नीची है। तार ऊंचे कराने के लिए बिजली विभाग से कई बार शिकायत की गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने बिजली के तार ऊंचे कराने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच–पड़ताल की जा रही है।

रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर

रायबरेली,संवाददाता। जिले के ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के तिवारीपुर में शुक्रवार शाम करीब साढ़े पांच बजे रोडवेज बस ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में शिवप्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना लखनऊ–प्रयागराज राजमार्ग पर टाटा मोटर्स के पास हुई। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने शिवप्रसाद को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊंचाहार पहुंचाया। वहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है। सीएचसी में तैनात डॉक्टर निधि चौरसिया ने बताया कि घायल की पहचान शिवप्रसाद के रूप में हुई है। वह ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के रायपुर गांव का निवासी है।

ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर– ट्रॉली को टक्कर मारी

सीतापुर,संवाददाता। जनपद में तेज रफ्तार ट्रक ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर–ट्रॉली को टक्कर मार दी। इससे ट्रॉली पलट गई और 5 लोगों की मौत हो गई। हादसे में दो महिलाओं और एक बच्चे समेत करीब 11 लोग गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पिसावां पहुंचाया। पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी मुंडन समारोह से लौट रहे थे। बरगांवा गांव के करीब 15 लोग मुंडन संस्कार कराने के लिए ट्रैक्टर–ट्रॉली से हरदोई गए थे। शुक्रवार को मुंडन कराकर सभी वापस लौट रहे थे। इसी दौरान पिसावां थाना क्षेत्र के हिम्मतनगर गांव के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने ट्रैक्टर–ट्रॉली में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ट्रॉली पलट गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए।हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी पिसावां भिजवाया।

वहां पांच घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी पिसावां भिजवाया। वहां पांच घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

युवक का शव खेत में नीम के पेड़ से लटका मिला

सीतापुर,संवाददाता। हरगांव थाना क्षेत्र के खेदरापुर गांव में शुक्रवार को 43 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगाकर जान दे दी। उनका शव गांव के ही रामनरेश जायसवाल के गन्ने के खेत में नीम के पेड़ से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक, धीरज पुत्र रामदुलारे शुक्रवार को घर से पशुओं के लिए चारा लेने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद वह रामनरेश जायसवाल के गन्ने के खेत में पहुंच गए। यहां उन्होंने नीम के पेड़ से फंदा लगाकर जान दे दी। कुछ समय बाद खेत में पहुंचे लोगों ने उनका शव पेड़ से लटका देखा। इसकी जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। धीरज शादीशुदा थे। उनके परिवार में एक बेटा और दो बेटियां हैं। उनकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। गांव में भी शोक का माहौल है। घटना की सूचना मिलने पर हरगांव थाना प्रभारी आनंद नरायन त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई कर रही है।

धनतेरस पर बाजारों में खरीदारों की भीड़ उमड़ी

रायबरेली,संवाददाता। धनतेरस पर रायबरेली के बछरावां में बाजारों में खरीदारों की भीड़ रही। सुबह से शुरू हुई खरीदारी देर शाम तक जारी रही। कस्बे से लेकर ग्रामीण इलाकों तक बाजारों में रौनक दिखी। लोगों ने सोने–चांदी के आभूषण, बर्तन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, झाड़ू, वाहन और घर में इस्तेमाल होने वाली दूसरी चीजें खरीदीं। बर्तन और आभूषण की दुकानों पर ज्यादा ग्राहक पहुंचे। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानें सजाई थीं। मान्यता के अनुसार, धनतेरस पर भगवान धन्वंतरि, माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की पूजा करने से घर में सुख–समृद्धि और सेहत बनी रहती है। लोगों ने घरों में पूजा–पाठ कर परिवार की खुशहाली की कामना की।

3 थाना क्षेत्रों से 5 वांछित गिरफ्तार,गैंगस्टर के तीन आरोपी पकड़े

रायबरेली,संवाददाता। पुलिस ने गुरुवार को तीन थाना क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए पांच वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें गैंगस्टर एक्ट के तीन आरोपी शामिल हैं, जिन्हें मिलएरिया पुलिस ने सीतापुर से पकड़ा। वहीं, शिवगढ़ पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में और सलोन पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में एक–एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने सभी आरोपियों को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार के निर्देश पर अपराधियों की ६ रिपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने गुरुवार



देर रात करीब 10.04 बजे गिरफ्तारियों की जानकारी दी। मिलएरिया पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित तीन आरोपियों को सीतापुर से गिरफ्तार किया। इनमें राकेश उर्फ छोटे पुत्र भुलई निवासी पिंदरई थाना महोली और सतीश पुत्र संतोष कुमार निवासी तरीनपुर थाना कोतवाली नगर को उनके घर से पकड़ा गया। वहीं, लवकुश पुत्र हिमांचल निवासी लोनिया का पुरवा थाना कोतवाली नगर को सीतापुर बस अड्डे से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, तीनों आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी है। इनके खिलाफ रायबरेली, हरदोई, खीरी और अमेठी में चोरी, लूट, गैंगस्टर एक्ट और आर्म्स एक्ट समेत कई मुकदमे दर्ज हैं।

गिरफ्तारी करने वाली टीम में मिलएरिया थाने के वरिष्ठ उपनिरीक्षक राकेश कुमार मिश्र, उपनिरीक्षक पंकज कुमार, आरक्षी पंकज राजौरा और अजय यादव शामिल रहे। शिवगढ़ पुलिस ने आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के मामले में वांछित इश्तियाक अली पुत्र मुश्ताक अली निवासी पुरानगंज मजरे तौली को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, तमनपुर गांव निवासी अनवर अली ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी मोशिरा बानो को दहेज की मांग को लेकर गाली–गलौज, मारपीट और शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। इससे परेशान होकर उनकी बेटी ने 30 अक्टूबर को आत्महत्या कर ली थी। तहरीर के आधार पर शिवगढ़ थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही थी। इसी क्रम में 5 नवंबर को पुलिस ने संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुरानगंज चौराहे के पास से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुधीर कुमार पांडेय, गौरव कुमार, आरक्षी अंकित यादव और स्टालिन शामिल रहे।

हर्ष फायरिंग करने वाला आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़,संवाददाता।

जेठवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पूरे नगिया पर्वतपुर गांव में गत 2 नवंबर को आयोजित निकासन कार्यक्रम के दौरान हुई हर्ष फायरिंग के आरोपी नागेंद्र प्रताप सिंह उर्फ सोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना के समय नृत्य कार्यक्रम चल रहा था, तभी आरोपी ने अपनी लाइसेंसी रिपीटर से फायरिंग कर दी। गोली पास खड़ी एक 17 वर्षीय किशोरी के पैर में जा लगी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। मामला दर्ज कर जांच में जुटी पुलिस ने शुक्रवार दोपहर 3.00 बजे घटना का सफल खुलासा किया।

पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी नागेंद्र प्रताप सिंह को बुचुन तिराहे के समीप स्थित राकेश सिंह के भट्टे के पास से धर दबोचा। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने कार्यक्रम में खुशी जताने और अपना वर्चस्व कायम करने की होड़ में फायरिंग की थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर वारदात में इस्तेमाल की गई लाइसेंसी रिपीटर को बरामद कर लिया है। इसके साथ ही आरोपी का शस्त्र लाइसेंस भी कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे जेल भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

स्कूलों में बच्चों को हलवा खिलाया

प्रतापगढ़,संवाददाता। पीएम पोषण योजना के तहत शुक्रवार को कुंडा विकास क्षेत्र की न्याय पंचायत परसीपुर के परिषदीय स्कूलों में बच्चों को सूजी का हलवा खिलाया गया। इसे अतिरिक्त पोषण के तौर पर दिया गया। हलवा तय मात्रा में सूजी, घी, चीनी और घिसे हुए नारियल से तैयार किया गया। हर बच्चे के लिए 30 ग्राम सूजी, 5 ग्राम घी, 22 ग्राम चीनी और 5 ग्राम घिसा हुआ नारियल तय था। शिक्षकों की देखरेख में बच्चों को हलवा परोसा गया। इस पहल का उद्देश्य नियमित मध्यान्ह भोजन के साथ बच्चों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार देना है। स्कूलों में भोजन की गुणवत्ता और सफाई का भी ध्यान रखा गया।

धनतेरस पर बाजार में उमड़ी भीड

प्रतापगढ़,संवाददाता। धनतेरस पर शुक्रवार को पट्टी के बाजारों में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ी। सुबह से शुरू हुई ग्राहकों की आवाजाही दिन चढ़ने के साथ बढ़ती गई। बर्तन, सोने–चांदी के गहने, इलेक्ट्रॉनिक सामान, सजावटी वस्तुओं और घरेलू सामान की दुकानों पर खरीदार पहुंचे। शुभ मुहूर्त में खरीदारी की परंपरा के चलते लोगों ने अपनी पसंद का सामान खरीदा। दुकानदारों ने ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानें सजाई थीं। रंग–बिरंगी झालरों और रोशनी से बाजार जगमगा रहे थे। कई लोग परिवार के साथ खरीदारी करने पहुंचे। में भीड़ बढ़ने से यातायात पर असर पड़ा।

नहर किनारे मिला युवक का शव, परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया

रायबरेली,संवाददाता। जिले के बछरावां इलाके में नया पुरवा गांव के पास नहर की पटरी पर शुक्रवार सुबह 8 बजे युवक का शव मिला। परिजनों ने हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बृजेश (25) पुत्र हरिश्चंद्र, शिवगढ़ थाना क्षेत्र के पूरन खेड़ा मजरे बहादुर नगर गांव का रहने वाला था। ग्रामीणों के मुताबिक, उसकी मोटरसाइकिल मौके पर खड़ी थी। उसके शरीर पर चोट के निशान भी थे। परिजनों के मुताबिक, बृजेश की शादी बछरावां इलाके के सेहगों गांव के चंद्रशेखर की बेटी सलोनी से तय हुई थी। शादी को लेकर दोनों परिवारों में सहमति नहीं बनी थी और अनबन चल रही थी। परिजनों ने बताया कि बृजेश और सलोनी मोबाइल फोन पर बात करते थे। उनका आरोप है कि सलोनी के बुलाने पर बृजेश उसके घर सेहगों जा रहा था। परिजनों का कहना है कि रात में उसकी हत्या कर शव नहर किनारे फेंक दिया गया। थानाध्यक्ष श्याम कुमार पाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह पता चलेगी। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

स्कूल के छात्रों ने प्रदूषण–मुक्त दिवाली मनाने का संकल्प लिया

प्रतापगढ़,संवाददाता। शाहपुर नौबस्ता स्थित रॉयल इंटरनेशनल स्कूल में छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर रंगोली प्रतियोगिता के जरिए पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक सद्भाव और महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। छात्र–छात्राओं ने बताया कि पटाखों से वायु और ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है। उन्होंने लोगों से अनावश्यक पटाखे न जलाने और सुरक्षित तरीके से दीपावली मनाने की अपील की। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि दीपावली खुशियों, प्रकाश और आपसी सद्भाव का त्योहार है। इसे मनाते समय पर्यावरण और दूसरे लोगों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को मिट्टी के दीपक जलाने, जरूरतमंदों के साथ खुशियां बांटने और पटाखों के अनावश्यक इस्तेमाल से बचने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने की शपथ ली। साथ ही परिवार और आसपास के लोगों को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

इस दौरान स्कूल के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, शिक्षक और छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।

विधायक ने दीपावली की शुभकामनाएं दीं

हरदोई,संवाददाता। सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने शुक्रवार को वीडियो संदेश जारी कर क्षेत्रवासियों को जनतेरस, दीपावली और भैया दूज की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। विधायक ने कहा कि दीपावली का पर्व सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आए। मां लक्ष्मी की कृपा से हर घर में धन–धान्य आए और लोगों का जीवन खुशियों से भरा रहे। उन्होंने दीपावली को पांच दिन चलने वाला पर्व बताया। कहा कि धनतेरस से भैया दूज तक चलने वाले इन त्योहारों का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। उन्होंने कामना की कि ये त्योहार क्षेत्र के हर परिवार के लिए खुशियां, उत्साह और नई उमंग लेकर आएं।

दो महिलाओं के फरार होने की शिकायत, एक ने कोर्ट मैरिज के तीन महीने बाद छोड़ा पति, दूसरी बच्चों को लेकर गायब

हरदोई,संवाददाता। जिले में अलग–अलग थाना क्षेत्रों से दो महिलाओं के अपने पतियों को छोड़कर दूसरे युवकों के साथ चले जाने के मामले सामने आए हैं। एक मामले में युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी कोर्ट मैरिज के करीब तीन महीने बाद दूसरे युवक के साथ चली गई। वहीं, दूसरे मामले में पति ने आरोप लगाया है कि उसकी पत्नी दो बच्चों को लेकर अपने रिश्तेदार के साथ चली गई। दोनों मामलों में पुलिस ने शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहला मामला टड़ियावां थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां के एक युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका एक युवती के साथ प्रेम–प्रसंग था। दोनों ने 16 जुलाई 2026 को कोर्ट मैरिज कर ली थी। इसके बाद वे हरियाणा के पानीपत में पति–पत्नी की तरह रहने लगे। युवक के मुताबिक, उसकी पत्नी कुछ समय पहले अपने मायके आई थी। आरोप है कि इसी दौरान वह अशोक पुत्र हरिनंदन निवासी शेखपुर जरौली के साथ चली गई। पति ने आरोप लगाया कि अशोक उसकी पत्नी को बहला–फुसलाकर दिल्ली के बेगमपुरा ले गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने पत्नी और अशोक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दूसरा मामला पाली थाना क्षेत्र के एक गांव का है। यहां रहने वाले युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी करीब 12 साल पहले हुई थी और उसके दो बच्चे हैं। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी 30 अक्टूबर को दोनों बच्चों को लेकर उत्तराखंड के देहरादून जिले के डोईवाला थाना क्षेत्र स्थित राजीव नगर निवासी हरि पुत्र कल्याण सिंह के साथ चली गई। शिकायतकर्ता के मुताबिक, हरि उसकी पत्नी का रिश्तेदार है और दोनों के बीच मोबाइल पर बातचीत होती रहती थी। युवक ने आरोप लगाया कि जब वह मजदूरी करने गया था, उसी दौरान हरि शादी करने की नीयत से उसकी पत्नी को बहला–फुसलाकर ले गया। दोनों बच्चे भी उसके साथ हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नहर में गिरी कार, दंपती और तीन माह के मासूम की मौत

हरदोई,संवाददाता। जिले के बिलग्राम थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं। गुड़गांव से हरदोई लौट रही कार जफरपुर पुलिया के पास अनियंत्रित होकर गहरी नहर में जा गिरी। हादसे में दंपती और उनके तीन माह के मासूम बच्चे की मौत हो गई, जबकि कार में सवार एक युवक सुरक्षित बच गया। जानकारी के मुताबिक, कार संख्या यूपी 32 जेपी 3118 में सवार लोग गुड़गांव से हरदोई के चांद बेहटा जा रहे थे। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे शाहपुर मोड़ से आगे जफरपुर पुलिया के पास अचानक कार अनियंत्रित हो गई और गहरी नहर में समा गई। सुबह करीब चार बजे डायल 112 पर हादसे की सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही उपनिरीक्षक अजय कुमार चौधरी कांस्टेबल जिगर मोहम्मद और रोहित सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कार सवार सभी लोगों को नहर से बाहर निकलवाया। इसके बाद उन्हें एंबुलेंस से जिला अस्पताल कन्नौज भेजा गया। हादसे में आदित्य सिंह (28) पुत्र रामनरेश सिंह सुरक्षित बच गए। वहीं रमेश (35), उनकी पत्नी नीलम (32) और उनके तीन माह के बच्चे की मौत हो गई। बताया गया कि सभी मूल रूप से ग्राम सर्रा, थाना सुरसा के निवासी थे। फिलहाल परिवार चांद बेहटा, कोतवाली शहर क्षेत्र में रह रहा था। हादसे के बाद कार अभी भी गहरी नहर में फंसी हुई है। मृतकों के परिजन जिला अस्पताल कन्नौज में मौजूद हैं। पुलिस मामले में विधिक कार्रवाई कर रही है।

युवक को सांप ने डसा मौत

हरदोई,संवाददाता। जिले के बघौली थाना क्षेत्र में सोते समय एक युवक को सांप ने डस लिया। सुबह उसने मां को हाथ पर बने दो निशान दिखाए, लेकिन कुछ देर बाद उसकी तबीयत तेजी से बिगड़ गई। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। केशवन गांव के रहने वाले कन्हैया लाल के पांच बेटों और दो बेटियों में 30 साल का सोनेलाल मजदूरी करता था। वह अविवाहित था। उसकी मां कुंती ने बताया कि गुरुवार रात सोनेलाल अपने कमरे में सो रहा था।

काशी में उमड़ा आस्था का सैलाब धनतेरस पर खुले मां अन्नपूर्णा के स्वर्णमयी कपाट

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

वाराणसी। धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी काशी में दीपोत्सव महापर्व के पहले दिन आस्था का अनूठा विहंगम दृश्य देखने को मिला। धनतेरस के पावन अवसर पर शुक्रवार भोर में बाबा विश्वनाथ की नगरी स्थित ऐतिहासिक श्री काशी अन्नपूर्णा मंदिर के स्वर्णमयी कपाट आम श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। साल में केवल पांच दिनों के लिए होने वाले इस अलौकिक दर्शन के साक्षी बनने के लिए देश के कोने–कोने से लाखों भक्त काशी पहुंचे हैं। मंदिर के बाहर गोदौलिया और बांसफाटक मार्ग पर करीब दो किलोमीटर लंबी कतारें लगी हुई हैं।

21 किलो के रजत खजाने का हुआ पूजन

परंपरानुसार, शुक्रवार तड़के मंगला आरती के बाद माता अन्नपूर्णा के दिव्य स्वर्ण विग्रह का विशेष शृंगार किया गया। इसके साथ ही मंदिर प्रबंधन द्वारा 21 किलोग्राम के विशेष रजत (चांदी) के खजाने और सिक्कों का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि–विधान से पूजन संपन्न हुआ। इसके ठीक बाद आम भक्तों के लिए श्रृंगारभोग आरती और धान के लावे का प्रसाद वितरण शुरू कर दिया गया, जिसे पाने के लिए श्रद्धालु घंटों कतार में डटे रहे।

घर में सुख–समृद्धि लाता है यह खजाना

मान्यता है कि धनतेरस से अन्नकूट तक मिलने वाले इस खजाने के सिक्के और अक्षत (धान) को यदि घर की तिजोरी या व्यावसायिक प्रतिष्ठान के गल्ले में रखा जाए, तो वहां कभी धन–धान्य की कमी नहीं होती। माता के दरबार में पहुंचे भक्तों के चेहरों पर घंटों इंतजार के बाद भी थकान की जगह श्रृंगार मां अन्नपूर्णाश के जयकारों का उत्साह साफ नजर आ रहा था।

कड़े सुरक्षा घेरे में 10 नवंबर तक चलेंगे दर्शन

प्रशासन के मुताबिक, आगामी 10 नवंबर (अन्नकूट महापर्व) तक चलने वाले इस पांच दिवसीय दीपोत्सव मेले में करीब 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के काशी आने का अनुमान है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद रखने के लिए भारी पुलिस बल के साथ–साथ आरएएफ और सादे कपड़ों में महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

श्रद्धालुओं को बांसफाटक (ढूंढिराज मार्ग) से प्रवेश दिया जा गया।

जबकि निकासी कालिका गली के रास्ते सुनिश्चित की गई है। वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए व्हीलचेयर और विशेष वालंटियर्स की व्यवस्था भी की गई है।

फाउंडेशन ने बच्चों संग मनाई दीपावली

वाराणसी,संवाददाता। दीपावली के अवसर पर 3बी फाउंडेशन की ओर से ग्राम पहाड़ी और मरौली में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान करीब 150 बच्चों को मिठाई, दीये, पटाखे, चिप्स और चॉकलेट वितरित किए गए। फाउंडेशन की ओर से बच्चों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की गईं। संस्थापक राखी रानी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को त्योहार के उपहार दिए गए। इस अवसर पर राखी रानी ने कहा कि दीपावली पर जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां बांटने से त्योहार का आनंद बढ़ता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन में खुशियां पहुंचाना फाउंडेशन का उद्देश्य है। कार्यक्रम में राकेश विश्वकर्मा और सुनीता ने भी सहयोग किया। उन्होंने बच्चों को उपहार वितरित किए और दीपावली की शुभकामनाएं दीं। फाउंडेशन की ओर से लोगों से त्योहार के अवसर पर जरूरतमंद बच्चों के साथ खुशियां साझा करने की अपील की गई।

दहेज के लिए विवाहिता को मायके में छोड़ा, पति पर एफआईआर

वाराणसी,संवाददाता। वाराणसी के लोहता थाना क्षेत्र में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मायके में छोड़ने का मामला सामने आया है। आरोप है कि पति ने विदाई के लिए एक लाख रुपए और सोने की चेन की मांग की। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महमूदपुर निवासी शहनाज बानो की शादी 11 अक्टूबर 2022 को रहीमपुर निवासी मो. अफजल से मुस्लिम रीति–रिवाज से हुई थी। शहनाज के मुताबिक, उनके पिता ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार शादी में गृहस्थी का जरूरी सामान दिया था। शहनाज का आरोप है कि शादी के बाद ससुराल में उनसे सुबह से रात तक काम कराया जाता था। समय पर खाना भी नहीं दिया जाता था, जिससे उनकी तबीयत खराब रहने लगी। दिसंबर 2022 से दिसंबर 2024 के बीच बीमारी



की हालत में उन्हें चार बार मायके भेजा गया। शहनाज के मुताबिक, वह 4 दिसंबर 2024 से मायके में रह रही हैं। उन्होंने 28 अप्रैल 2025 को एक बेटे को जन्म दिया। आरोप है कि इसकी जानकारी होने के बावजूद ससुराल से कोई उनका हालचाल लेने नहीं आया। प्रसव के खर्च में भी ससुराल पक्ष ने कोई मदद नहीं की। शहनाज और उनके पिता ने पंचायत के जरिए कई बार मामला सुलझाने की कोशिश की, लेकिन आरोप है कि पति पक्ष पंचायत में शामिल नहीं हुआ। शहनाज का कहना है कि पति अफजल ने एक लाख रुपए और सोने की चेन मिलने के बाद ही विदाई करने की बात कही। उन्होंने पति पर शराब पीकर गाली–गलौज और मारपीट करने के साथ झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। मामला नहीं सुलझने पर शहनाज ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति के खिलाफ थ्र दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

विद्यार्थियों ने चुनार, विढम फॉल और विंध्याचल का दौरा किया

वाराणसी,संवाददाता। वाराणसी के नारायणपुर वार्ड 31 स्थित उदय प्रताप स्वायत्तशासी महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग ने परास्नातक विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण कराया। विद्यार्थियों ने चुनार, विढम फॉल और विंध्याचल का दौरा किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने वहां की सामाजिक संरचना, धार्मिक परंपराओं, सांस्कृतिक विरासत और सामुदायिक जीवन का समाजशास्त्रीय अध्ययन किया। विभाग के डॉ. विपिन प्रकाश सिंह ने बताया कि भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों के सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना और सामाजिक परिवर्तन व धार्मिक पर्यटन की समझ विकसित करना था। इस अवसर पर डॉ. विपिन प्रकाश सिंह, डॉ. रंजन कुमार श्रीवास्तव और डॉ. लालेंद्र कुमार सिंह मौजूद थे।

दिवाली शॉपिंग के बहाने टीचर ने छात्रा से रेप किया, खुद अस्पताल लेकर पहुंचा

वाराणसी,संवाददाता। काशी में एक टीचर ने अपनी छात्रा के साथ रेप किया। आरोपी पहले छात्रा को दिवाली की शॉपिंग कराने बाजार ले गया। इसके बाद उसे अपने कमरे पर ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान छात्रा की हालत बिगड़ गई और उसे तेज ब्लीडिंग होने लगी। इसके टीचर घबरा गया और खुद उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। छात्रा की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसकी मां को फोन कर अस्पताल बुलाया। मां ने बेटी की हालत देखी तो पुलिस को सूचना दी। चेतगंज पुलिस ने मां की शिकायत पर आरोपी टीचर को गिरफ्तार कर लिया। छात्रा की गंभीर हालत को देखते हुए उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया गया है। आरोपी आर्य महिला डिग्री कॉलेज में पढ़ाता है। वाराणसी के कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली 20 साल की छात्रा आर्य महिला डिग्री कॉलेज में ग्रेजुएशन तृतीय वर्ष में पढ़ती है। छात्रा का अपने कॉलेज के टीचर अभिषेक कुमार तिवारी (40) के घर आना–जाना था। टीचर चेतगंज क्षेत्र में किराए के मकान में रहता है और भदोही का रहने वाला है। गुरुवार को टीचर ने छात्रा को फोन कर दीपावली की शॉपिंग कराने के लिए बाजार बुलाया। छात्रा दोपहर 3 बजे घर से निकली और स्मार्ट बाजार पहुंची। दोनों ने वहां कपड़े, घरेलू सामान और गिफ्ट आइटम खरीदे।

इसके बाद बाहर खाना खाया फिर टीचर के कमरे पर चले गए। छात्रा की मां के मुताबिक, टीचर ने छात्रा के साथ रेप किया। इससे उसके अंदरुनी हिस्से में गंभीर चोटें आईं और खून बहने लगा। छात्रा की हालत बिगड़ने पर टीचर घबरा गया और उसे पास के एलायंस अस्पताल ले गया। डॉक्टरों ने इलाज किया, लेकिन उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद डॉक्टरों के कहने पर शिक्षक ने छात्रा के परिजनों को फोन कर अस्पताल बुलाया। परिजनों के पहुंचने पर टीचर ने हादसे में चोट लगने की बात कही, लेकिन डॉक्टरों ने छात्रा की मां को पूरी घटना बता दी। बेटी की हालत देखकर मां ने अस्पताल में हंगामा किया और पुलिस को बुला लिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया।

अंबेडकर महापरिनिर्वाण पर होने वाले कार्यक्रम का जायजा लेने पहुंचे सतीश चंद्र मिश्रा



लखनऊ,संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) 6 दिसंबर को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर लखनऊ के अंबेडकर सामाजिक परिवर्तन स्थल पर विशाल श्रद्धा–सुमन समारोह आयोजित करेगी। इसकी तैयारियों का जायजा लेने शुक्रवार को बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल पहुंचे। पार्टी महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने स्मारक परिसर में साफ–सफाई और कार्यक्रम से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान पार्क की जर्जर हालत देखकर उन्होंने नाराजगी जताई। उन्होंने वीसी को फोन कर स्मारक की स्थिति की जानकारी दी और व्यवस्थाओं पर ध्यान देने को कहा। 6 दिसंबर के कार्यक्रम की घोषणा के बाद बसपा नेताओं का यह दौरा तैयारियों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सतीश चंद्र मिश्रा के साथ विश्वनाथ पाल, घनश्याम खरवार, भीमराव अंबेडकर, विजय प्रताप और मेवालाल गौतम समेत पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। 5 नवंबर को मायावती ने यूपी प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में 6 दिसंबर के कार्यक्रम का ऐलान किया है। मायावती की ये रैली इंडिया गठबंधन के दिल्ली में आयोजित 1 नवंबर की रैली और 26 नवंबर को चंद्रशेखर की प्रस्तावित रैली का जवाब मांगा जा रहा है। मायावती इस रैली में रिकॉर्ड तोड़ भीड़ जुटाना चाहती है। इसके लिए उन्होंने प्रदेश पदाधिकारियों से संकल्प लिया था। बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल के मुताबिक इस बार हम पूरे लखनऊ को नीले झंडे से पाट देंगे। बसपा के इतने कार्यकर्ता लखनऊ आएंगे कि सिर्फ पूरे शहर में वो ही दिखेंगे। 6 दिसंबर को डॉ अम्बेडकर को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद कार्यकर्ताओं को बसपा प्रमुख मायावती और राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद संबोधित करेंगे। बसपा ने 2025 में 9 अक्टूबर को हुई कांशीराम की रैली का रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी की है। सभी बसपा प्रत्याशियों को चार से पांच हजार लोगों को लाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अब तक बसपा 100 से अधिक प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। इसके अलावा अन्य दावेदार भी भीड़ लाकर अपना दावा और पुख्ता करना चाहेंगे। इसके अलावा जिलाध्यक्षों को हर जिले से अलग से 5 हजार की भीड़ लानी है।

सीबीएसई की चैंपियनशिप में हर्षवर्धन चमके

लखनऊ,संवाददाता। एक्सीलिया स्कूल के छात्र हर्षवर्धन, मदुरै में आयोजित सीबीएसई राष्ट्रीय क्रिकेट चैंपियनशिप में विजेता टीम का हिस्सा रहे, जिसने टूर्नामेंट में पहला स्थान हासिल किया। हर्षवर्धन को उनके उत्कृष्ट क्षेत्ररक्षण कौशल के लिए 'बेस्ट फील्डर ऑफ द टूर्नामेंट' (अंडर–17 वर्ग) के विशेष सम्मान से भी नवाजा गया। 23 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक चली प्रतियोगिता के फाइनल में उनकी टीम ईस्ट जोन ने उत्तर जोन की टीम को हराकर राष्ट्रीय खिताब जीता। टीम के साथियों और कोच ने मैच के अंतिम चरणों में दबाव में टीम के संयम और समन्वय की सराहना की। विद्यालय के निदेशक आशीष पाठक, प्रधानाचार्या श्रीमती रेखा वर्मा व समस्त विद्यालय परिवार ने हर्षवर्धन को इस शानदार सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।

महिला ने अपर्णा यादव से मिलकर आपबीती सुनाई

ग्राम प्रधान ने निर्वस्त्र कर पीटा,यौन हिंसा की, धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया

लखनऊ,संवाददाता। सिद्धार्थनगर के खेसरहा थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला के साथ तालिबानी बर्बरता की गई है। उसे जब पुलिस और स्थानीय स्तर पर कोई मदद नहीं मिली तो वह शुक्रवार को लखनऊ पहुंच गई। यहां महिला आयोग से गुहार लगाई। उसने आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव से मिलकर आपबीती सुनाई। पीड़िता ने महिला आयोग और पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती प्रार्थना–पत्र में आरोप लगाया है कि ग्राम प्रधान और उसके सहयोगियों ने उसके साथ बर्बरता की। रंजिश के चलते घर में घुसकर निर्वस्त्र किया। खंभे से बांधकर करीब 3 घंटे तक बेरहमी से पीटा। यौन हिंसा की। धर्म परिवर्तन के लिए कहा और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता के अनुसार, 27 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 7 बजे जब वह बच्चों को स्कूल भेजने की तैयारी कर रही थी, तभी गांव के प्रधान अहमद हुसैन, गनी, शमी, असलम, बदरुन्निशा, रिजवाना खातून समेत 20–25 लोग जबरन उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने उसके कपड़े फाड़कर उसे निर्वस्त्र कर दिया, बाल पकड़कर घसीटा और एक खंभे से बांधकर लगभग तीन घंटे तक लाठी–डंडों और लात–घूंसों से पीटा। बीच–बचाव करने आईं गांव की अन्य महिलाओं को भी आरोपियों द्वारा धमकाया गया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ग्राम प्रधान पूर्व में भी उसे प्रताड़ित करता रहा है। पीड़िता का आरोप है कि नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ बलात्कार किया गया, जिससे वह गर्भवती हो गई थी और बाद में जबरन दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया गया।



इस बार की घटना के दौरान उस पर धर्म परिवर्तन करने का भी दबाव बनाया गया और इनकार करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़िता ने स्थानीय पुलिस पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उसका कहना है कि थाने में दी गई उसकी मूल लिखित शिकायत को थानाध्यक्ष ने फाड़कर फेंक दिया। उसकी सहमति के बिना मनमाना विवरण दर्ज कर लिया गया और उल्टा उसके खिलाफ ही झूठी कार्रवाई कर दी गई। मेडिकल परीक्षण न होने के कारण पीड़िता को अपने शरीर पर आई चोटों के फोटो और वीडियो खुद सुरक्षित रखने पड़े हैं। पीड़िता का आरोप है कि 2 नवंबर 2026 को जब वह एसपी कार्यालय गई, तो वहां भी आरोपियों ने भीड़ जुटाकर मीडिया के सामने जान से मारने की खुली धमकियां दीं। पीड़िता ने उच्चाधिकारियों से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषियों के खिलाफ सख्त एफआईआर दर्ज कराने और अपनी व परिवार के लिए तत्काल पुलिस सुरक्षा की गुहार लगाई है।

स्टीलबर्ड ने एक्सक्लूसिव राइडर शॉप नेटवर्क का किया विस्तार

लखनऊ,संवाददाता। स्टीलबर्ड हाई–टेक इंडिया लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में अपनी रिटेल उपस्थिति को और मजबूत करते हुए राजधानी लखनऊ में एक नए एक्सक्लूसिव स्टीलबर्ड राइडर शॉप की शुरुआत की है। न्यू किशोर ऑटो मोबिल्स द्वारा संचालित यह नया आउटलेट क्षेत्र के दोपहिया वाहन चालकों को स्टीलबर्ड के हेलमेट और राइडिंग एक्सेसरीज की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराएगा। स्टीलबर्ड हाई–टेक इंडिया लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव कपूर ने कहा, हमारा एक्सक्लूसिव राइडर शॉप नेटवर्क देशभर के राइडर्स तक गुणवत्तापूर्ण हेलमेट और राइडिंग एक्सेसरीज पहुंचाने की हमारी प्रतिबद्धता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

उद्यमों को संवारेंगे आईआईएम विशेषज्ञ

यूपीएसआरएलएम और आईआईएम के बीच करार

लखनऊ,संवाददाता। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उनके छोटे कारोबार को मजबूत उद्यमों में बदलने के लिए उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन यूपीएसआरएलएम और आईआईएम लखनऊ के निदेशक यामिनी भूषण पाण्डेय और मिशन निदेशक अरुण कुमार ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समझौते का मसौदा तैयार होने से पूर्व संबंधित अधिकारियों और संस्थानों के साथ संयुक्त बैठक की थी। उन्होंने निर्देश दिए थे कि कार्यक्रम की रूपरेखा में ग्रामीण महिलाओं का हित सर्वोपरि रहे। चयन से लेकर वित्तीय सहायता और प्रशिक्षण तक प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता बरती जाए तथा पूरी प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जाए। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरे लिए महिलाओं का आर्थिक विकास प्रथम है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं में उद्यम चलाने की क्षमता और मेहनत करने का जज्बा है। जरूरत उन्हें सही प्रशिक्षण, तकनीकी जानकारी, बाजार और पूंजी उपलब्ध कराने की है। सरकार का प्रयास है कि ग्रामीण महिलाएं केवल आजीविका चलाने तक सीमित न रहें, बल्कि सफल उद्यमी बनकर दूसरों को भी रोजगार दें।श्री मौर्य ने पूर्ववर्ती सरकारों की कार्यप्रणाली पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले 100 में 80 हमारा का नियम अपनाया जाता था। हमारी सरकार गरीब के हक का 100 प्रतिशत पैसा उसके खाते में पहुंचाने वाली डबल इंजन सरकार है।



आयुष चिकित्सा को नई पहचान, साढ़े नौ साल में मजबूत हुआ बुनियादी ढांचा

लखनऊ,संवाददाता। योगी सरकार ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में आयुष चिकित्सा पद्धतियों को नई पहचान देने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और होम्योपैथी जैसी पद्धतियों को जनसामान्य तक पहुंचाने के साथ इनके शैक्षणिक, चिकित्सकीय और संस्थागत ढांचे को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। प्रदेश में आयुष चिकित्सा सेवाओं को एकीकृत स्वरूप देने के लिए 2017 में अलग आयुष विभाग का गठन किया गया। इसके माध्यम से आयुर्वेद, यूनानी होम्योपैथी सेवाओं को एक ही प्रशासनिक व्यवस्था के अंतर्गत लाकर इनके विकास, विस्तार और बेहतर संचालन का रास्ता तैयार किया गया।प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने बताया कि आयुष चिकित्सा शिक्षा को एक नई दिशा देने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप गोरखपुर में महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। इसकी आधारशिला अगस्त–21 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रखी थी। करीब 52 एकड़ में विकसित विश्वविद्यालय का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जुलाई–25 को किया था। यह प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है, जिसके माध्यम से आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी चिकित्सा शिक्षा को एकीकृत व्यवस्था के तहत संचालित किया जा रहा है। विश्वविद्यालय से 100 आयुष महाविद्यालय संबद्ध हैं। यहां बीएएमएस, बीयूएमएस और बीएचएमएस सहित स्नातक एवं परास्नातक पाठ्यक्रमों की शिक्षा और परीक्षाओं का संचालन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय में चिकित्सा सेवाओं के साथ शोध और गुणवत्तापूर्ण आयुष शिक्षा को भी प्राथमिकता दिया जा रहा है। आयुष चिकित्सा सुविधाओं को जिला स्तर तक पहुंचाने के लिए योगी सरकार ने एकीकृत आयुष अस्पतालों के निर्माण पर विशेष जोर दिया है। इन अस्पतालों में आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी जैसी चिकित्सा पद्धतियों के माध्यम से उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया है। दिसंबर 2021 में प्रदेश के आठ शहरों में 50 बेड के एकीकृत आयुष अस्पतालों का उद्घाटन किया गया था। इसके साथ ही छह नए अस्पतालों की स्थापना की घोषणा की गई। प्रदेश में 16 पचास बेड वाले एकीकृत आयुष अस्पताल पूरी तरह संचालित हैं। बुलंदशहर, फतेहपुर, हरदोई और उन्नाव में चार अन्य अस्पतालों का निर्माण लगभग पूरा होने की जानकारी दी गई है। मेरठ में 50 बेड और जौनपुर में 30 बेड के एकीकृत आयुष अस्पताल का निर्माण भी जारी है।

भीषण हादसा में युवक की मौत,पांच घायल

लखनऊ,संवाददाता। राजधानी के सरोजनीनगर में शुक्रवार तड़के भीषण हादसा हो गया। एक स्कॉर्पियो आगे चल रही डीसीएम में पीछे से घुस गई। हादसे में स्कॉर्पियो में सवार एक युवक की मौत हो गई। 5 लोगों की हालत गंभीर है। टक्कर इतनी भीषण थी कि डीसीएम के पिछले 4 चक्के गाड़ी से अलग होकर बाहर निकल गए। स्कॉर्पियो सवार लोग झांसी से अपने घर देवरिया के लिए लौट रहे थे। स्कॉर्पियो में कुल 6 लोग सवार थे। 5 का इलाज लोकबंधु अस्पताल में चल रहा है। पुलिस के मुताबिक, देवरिया जिले के सलेमपुर थाना क्षेत्र के शंकर नगर मझौली निवासी हिमांशु (22), किशोर कुमार (25), सुधीर (23), सतीश (24), हीरा (25) और अच्छे लाल (27) स्कॉर्पियो से झांसी से अपने घर लौट रहे थे। वे कानपुर एक्सप्रेसवे से जा रहे थे। स्कॉर्पियो किशोर कुमार चला रहा था।

शुक्रवार तड़के करीब 3 बजे वे सरोजनीनगर में दरोगा खेड़ा के पास एलिवेटेड एक्सप्रेसवे से उतरकर कानपुर रोड पर पहुंचे। इसी दौरान स्कॉर्पियो आगे जा रही डीसीएम में पीछे से घुस गई। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग अंदर फंस गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन कुछ लोग अंदर फंसे थे। इसके बाद पुलिस ने फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर टीम ने स्कॉर्पियो का गेट काटकर चालक और उसके बगल में बैठे हिमांशु को बाहर निकाला। पुलिस सभी घायलों को लोकबंधु अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टरों ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई कर रही है। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर मौके से भाग गया।

मतदाता सूची में हर पात्र नागरिक होगा शामिल : रिणवा

लखनऊ,संवाददाता। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण–2027 के अंतर्गत पात्र नागरिकों का नाम मतदाता सूची में शत–प्रतिशत सम्मिलित कराने की मुहिम को अधिक से अधिक जनसहभागी बनाने के उद्देश्य से विभिन्न शासकीय विभागों के साथ सामाजिक, व्यावसायिक एवं गैर सरकारी संगठनों का भी सहयोग लिये जाने के संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए गए हैं। जनपदों में स्थित सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों निजी क्षेत्र के औद्योगिक संस्थान, रेजिडेन्ट वेलफेयर एसोसिएशन, जिला एवं तहसील बार एसोसिएशन, अधिवक्ता संगठन, नागरिक सुरक्षा संगठन, श्रमिक संगठन, व्यापारिक संगठन, चिकित्सा संघ एवं मेडिकल एसोसिएशन के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराये जायें।सार्वजनिक उपक्रमों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत पात्र कार्मिकों का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए कार्यस्थलों पर विशेष शिविर लगाए जाएंगे। क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में आवासित नागरिकों के संबंध में अच्छी जानकारी होती है।

संपादकीय

गिरफ्तारी में पारदर्शिता

किसी भी व्यक्ति को हिरासत में लेने और उसकी गिरफ्तारी को दर्शाने के समय को लेकर पुलिसिया कार्रवाई के बारे में अक्सर सवाल उठते रहे हैं। दरअसल, यह व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार होने के बावजूद, इसकी अनदेखी की जाती रही है। यही वजह है कि अब इस मामले में देश की शीर्ष अदालत को हस्तक्षेप करना पड़ा है। शीर्ष अदालत का फैसला कहता है कि किसी भी हिरासत में लिए गए व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के सामने पेश करने की 24 घंटे की समय–सीमा, गिरफ्तारी के औपचारिक रिकॉर्ड से नहीं, बल्कि हिरासत में लिए जाने वाले पल से ही शुरू हो जाती है। सही मायने में, यह निर्णय आम भारतीय की संवैधानिक स्वतंत्रता की समयोचित पुष्टि ही है। दूसरे शब्दों में कहें तो यह फैसला एक स्पष्ट संदेश देता है कि पुलिस मौलिक अधिकारों से बचने के लिये प्रक्रियाओं में हेरफेर नहीं कर सकती है। संविधान के अनुच्छेद 22(2) के उद्देश्य से हिरासत और गिरफ्तारी के बीच किए गए बनावटी अंतर को खारिज करते हुए, सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने एक गंभीर खामी को दूर किया है। इस खामी का लाभ उठाकर ही जांच व प्रवर्तन एजेंसियां लोगों को बिना किसी त्वरित न्यायिक निगरानी के हिरासत में रख सकती थीं। दरअसल, नशीले पदार्थों से जुड़े एक मामले में हिरासत में लिए गए चार लोगों से जुड़े इस प्रकरण ने, हिरासत में लेने और औपचारिक गिरफ्तारी के बीच 18 घंटे के अंतराल की विसंगति को उजागर किया है। जिसका कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया गया था। वास्तव में गिरफ्तारी दिखाने में की गई यह देरी पुलिस को मनमाने ढंग से ताकत के इस्तेमाल और हिरासत में दुर्व्यवहार का मौका देती है। इसमें दो राय नहीं कि अक्सर आरोप लगते हैं कि गिरफ्तार व्यक्ति से मारपीट की गई और लंबी पूछताछ की गई। निस्संदेह, यह स्थिति भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली की छवि पर एक सवालिया निशान लगाती है। हमारा संविधान किसी भी व्यक्ति को न्यायिक जांच के बगैर हिरासत में रखे जाने के खिलाफ सुरक्षा की गारंटी तो देता है, लेकिन यह सुरक्षा जांच अधिकारियों के रहमो–करम के भरोसे नहीं रह सकती है। यही वजह है कि देश की शीर्ष अदालत को दो टूक शब्दों में कहना पड़ा कि किसी को हिरासत में लिये जाने की 24 घंटे की समय सीमा में केवल मजिस्ट्रेट की अदालत तक पहुंचने में लगने वाले उचित समय को ही घटाया जा सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि मजिस्ट्रेटों को भी स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वे हिरासत में लिए जाने के वास्तविक समय को ही दर्ज करें। साथ ही यह भी कि वे स्वतंत्र रूप से इस बात की जांच करें कि क्या किसी व्यक्ति को हिरासत में लिए जाने की प्रक्रिया में संवैधानिक सुरक्षा उपायों का पालन वास्तविक रूप से किया गया है। इसके साथ ही जरूरी है कि बंदी प्रत्यक्षीकरण भी स्वतंत्रता के गैर–कानूनी हनन के खिलाफ एक कानूनी प्रभावी उपाय बना ही रहना चाहिए। अगस्त 2019 में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद के लगभग चार वर्षों में प्रिवेंटिव डिटेंशन को चुनौती देने वाली दो हजार से अधिक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं दायर की गई थीं। जब कानूनी प्रावधान के क्रियान्वयन में देरी होती है, अथवा जवाबदेही पर्याप्त नहीं होती है, तो संवैधानिक स्वतंत्रता प्रभावहीन होकर रह जाती है।

जो कुछ तुम्हें मन से, बुद्धि से, शरीर से निर्बल करे उसे विष समझ कर त्याग दो।

दीपावली की सफाई और मुसद्दीलाल की पिराई

मुसद्दीलाल काजू कतली का टुकड़ा मुंह में रखते हैं। मगर जीभ पर मिठास से ज्यादा पसीने का नमकीनपन है और नाक में डिस्टेंपर की गंध। कमर दुख रही है और मिठाई गले से उतरकर भी मन तक नहीं पहुंचती।

दीपावली आते ही देश में चमत्कार होता है। साल भर धूल, जालों और बिखरे सामान के साथ जीने वाले घर अपनी बदहाली पर शर्मिंदा होने लगते हैं। इसी क्रांतिकारी परिवर्तन के बीच प्रकट होते हैंकृमुसद्दीलाल!

मुसद्दीलाल कोई एक व्यक्ति नहीं, बल्कि उस भारतीय गृहस्थ के प्रतिनिधि हैं, जो दीपावली आते ही पति से पेंटर, सफाईकर्मी, बढ़ई और कबाड़ प्रबंधक बन जाते हैं। वेतन शून्य, छुट्टी शून्य और शिकायत करने का अधिकार भी शून्य!

पत्नीजी का फरमान जारी होता हैकृसुनिए जी, इस बार सफाई ढंग से होनी चाहिए। कोई कोना छूटना नहीं चाहिए।'

मुसद्दीलाल समझ जाते हैं कि अगले पंद्रह दिनों तक उनके रविवार, आराम और चौन की चायकृसब गिरवी हैं।

सोफा ऐसे घसीटा जाता है, मानो उसने कोई घोटाला किया हो। पलंग के नीचे झाड़ू ऐसे घुसाई जाती है, जैसे काले धन की तलाश हो रही हो। पुराने डिब्बे फेंकने लगें तो पत्नीजी रोक देती हैंकृरहने दीजिए, कभी काम आ जाएंगे!' इस घर में टूटे मग और बेकार तार तक भविष्य की संभावनाएं संजोए बैठे हैं, बस मुसद्दीलाल की अपनी इच्छाओं का कोई भविष्य नहीं है।

सीढ़ी पर चढ़कर मुसद्दीलाल पंखा साफ कर रहे हैं। नीचे से पत्नीजी का निरीक्षण जारी हैकृ'जरा ठीक से कीजिए, कोने में अभी भी धूल है!'

लेकिन वे चुप रहते हैं। भारतीय पति को बोलने की आजादी तो है, बशर्ते वह उसके परिणाम भुगतने को तैयार हो!

आखिरकार घर पूरी तरह चमक उठता है। दीवारें दमकती हैं, झालरें जगमगाती हैं और मिठाइयों के डिब्बे सज जाते हैं। पड़ोसियों से आगे निकलने की प्रतियोगिता में घर जीत जाता है, मगर मुसद्दीलाल अपनी कमर हार जाते हैं।

पूजा के बाद पत्नीजी मिठाई आगे बढ़ाती हैंकृ'लीजिए जी, मुंह मीठा कीजिए। लक्ष्मीजी घर आ गई हैं!'

मुसद्दीलाल काजू कतली का टुकड़ा मुंह में रखते हैं। मगर जीभ पर मिठास से ज्यादा पसीने का नमकीनपन है और नाक में डिस्टेंपर की गंध। कमर दुख रही है और मिठाई गले से उतरकर भी मन तक नहीं पहुंचती। जिस मिठास के लिए उन्होंने पैसे बचाए, उसे चखने की ऊर्जा ही नहीं बची!मेहमान घर की तारीफ करते हैंभाभीजी, घर तो बिल्कुल नया लग रहा है!'

पत्नीजी गर्व से कहती हैं, 'सब इन्होंने ही किया है। मैंने तो बस बता दिया था!'

रात को मेहमान चले जाते हैं। घर चमक रहा है और मुसद्दीलाल सोफे पर निढाल पड़े हैं। तभी अगला फरमान आता हैंसुबह उठकर जरा घर समेट दीजिएगा!'

विपक्ष की एकजुट चुनौती और जवाबदेही के सवाल

राजेश पांडेय

चुनाव प्रक्रिया की स्वच्छता बहाल करने के लिए देश में पहली बार बड़े पैमाने पर विरोध के स्वर लगातार उठे हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस लंबे समय से चुनावों में धांधली का मुद्दा उछाल रही है। अदालतों में भी मुकदमे दायर हुए हैं। 1 नवंबर को नई दिल्ली के रामलीला मैदान में विपक्ष की एकजुट रैली ने चुनावी गड़बड़ी के खिलाफ असरदार संदेश दिया है। इस बीच चुनाव आयोग की कुछ और अनियमितताएं सामने आ रही हैं। लेकिन मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुप्पी साध रखी है। उनके बचाव की जिम्मेदारी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी ने संभाल रखी है। हालांकि, मतदाता सूचियों के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की प्रक्रिया में खामियों के बारे में वह कुछ नहीं बोलती है।

यहां हम दो अहम मुद्दों पर गौर करते हैं– पहला विपक्षी दलों की एकता और दूसरा लोकतंत्र के सामने मौजूद खतरे। एसआईआर की गड़बड़ी के खिलाफ विपक्ष का संयुक्त प्रदर्शन और उसमें छात्रों, एक्टिविस्ट, कुछ अन्य संगठनों की सक्रियता बताती है कि जनता का एक वर्ग इस मुद्दे की गंभीरता से चिंतित है। वह चुनाव आयोग सहित अन्य संस्थाओं की विश्वसनीयता बनाए रखना चाहता है। धांधली के साये में होने वाले चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद के लिए खतरा हैं। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में इससे पहले कभी समूची चुनाव प्रणाली की पवित्रता पर इतना अधिक संदेह नहीं जताया गया था। इसलिए भी विपक्ष की एकजुटता मायने रखती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के 12 वर्षों के शासनकाल में लंबे समय तक विपक्षी दल अलग–अलग स्वर में बोलते रहे हैं। संसद में जरूर कुछ मुद्दों पर उनके बीच तालमेल नजर आता था। इसका सबसे बड़ा उदाहरण इस साल अप्रैल में संसद के बजट सत्र में 131 वें संविधान संशोधन विधेयक के पारित न होने का है। विधेयक में महिलाओं के लिए संसद और राज्य विधानसभाओं की 33प्रतिशत सीटों के आरक्षण और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 850 करने के प्रावधान थे। बहरहाल, राज्यों में अपने–अपने हितों की वजह से विपक्षी दल सड़क पर एकजुट नजर नहीं आते थे। लेकिन, सत्ताधारी दल की मिलीभगत से चुनाव आयोग की मनमानी ने बिखरे विपक्ष को एक–दूसरे के साथ खड़ा कर दिया है। रामलीला मैदान के प्रदर्शन में अधिकतर विपक्षी पार्टियों की मौजूदगी दिखाती है कि उन्होंने राहुल गांधी के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है। कई बार अपने अटपटे कथनों के लिए चर्चित रहे राहुल ने मोदी सरकार को कई सामयिक मुद्दों पर कटघरे में खड़ा किया है। गांधी परिवार की विरासत को राहुल के खिलाफ बड़ा मुद्दा बनाया जाता है। वैसे, इस मामले में राहुल कुछ कर भी नहीं सकते हैं। भाजपा के सभी नेता और गोदी मीडिया की उपमा से विभूषित मीडिया का एक वर्ग हमेशा उनकी विशिष्ट विरासत को उछालता रहा है। उन्हें आम आदमी के सरोकारों से बेखबर एक राजपरिवार के वंशज के बतौर पेश किया जाता था। लेकिन राहुल ने लगातार सक्रियता से अपनी इमेज बदली है। राहुल हमेशा जनता से जुड़े मुद्दे उठाते हैं। वे समाज के वंचित वर्ग के हितों की पैरवी करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के संगठन में ऐसे वर्गों के लोगों को आगे बढ़ाने की कोशिश की है। संवैधानिक मूल्यों की रक्षा और लोकतंत्र की हिफाजत पर जोर दिया है। वे संसद और सड़क दोनों जगह विपक्ष के नेता की असली भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने विपक्ष को एकजुट रखने के लिए आगे आकर प्रयास किए हैं। पहले कई प्रमुख विपक्षी नेता राहुल का नेतृत्व स्वीकार करने में हिचकिचाते थे। यह हिचक अब बहुत हद तक दूर हो गई है। राज्यों में एक–दूसरे का विरोध करने वालों की एकता व्यावहारिक राजनीति का हिस्सा है। राहुल के राजनीतिक सफर में भारत जोड़ो यात्रा के बाद विपक्ष को एक मंच पर लाने का घटनाक्रम



महत्वपूर्ण माना जाएगा।

सवाल है, क्या विपक्ष की एकता आगे भी बनी रहेगी। कुछ राज्यों में चुनावी राजनीति के कारण उनके रास्ते जुदा हो जाते हैं। यों भी, भारत में बहुत कम मौकों पर विपक्षी दल एकजुट रहे हैं। सोशलिस्ट नेता राममनोहर लोहिया ने विपक्ष को जोड़ने का नारा उछाला था। 1960 के दशक में कांग्रेस विरोध की राजनीति ने विपक्ष को एक धरातल पर खड़ा किया। राज्यों में कई दलों की संविद सरकारें बनीं। लेकिन ये बेहद अल्पकालिक और अस्थिर साबित हुई थीं। लोहिया का सपना टूट गया। 1977 में इंदिरा गांधी सरकार की इमरजेंसी ने विपक्ष को मिलाया। चार प्रमुख पार्टियों के विलय से जनता पार्टी अस्तित्व में आई। केंद्र में उसकी सरकार भी बनी लेकिन नेताओं की महत्वाकांक्षा और अंतरविरोधों के कारण मोरारजी देसाई की जनता सरकार 28 माह में डूब गई थी। 1989 में विश्वनाथ प्रतापसिंह की जनता दल सरकार भी ज्यादा नहीं टिक पाई थी। 1970–80 और 1990 के दशक की और वर्तमान स्थितियां पूरी तरह अलग हैं। पहले सत्ता से जुड़े सवाल थे तो अब हेरफेर से चुनाव जीतने और चुनाव आयोग के गलत फैसलों की जवाबदेही तय करने के प्रश्न हैं। संवैधानिक संस्थाओं की साख फिर से कायम करने के मामले में तो विपक्षी दल एकजुट हो सकते हैं। चुनाव आयोग ने मनमाने तरीके से एसआईआर के जरिये थोक में वोटरों के नाम काटे हैं। अब तक 13 करोड़ से अधिक वोटरों के नाम कट चुके हैं। प्रक्रिया की खामियों का मंडाफोड़ होने के बाद आयोग ने अपने कई फैसले वापस लिए हैं। इनमें फार्म–6 में किए गए विवादास्पद बदलाव, ईसीआईनेट के काम की समीक्षा के लिए विशेषज्ञों की कमेटी गठित करने सहित कई फैसले शामिल हैं। दो चुनाव आयुक्तों विवेक जोशी और सुखबीर सिंह संधू ने जिन मुद्दों को उठाया था। उनमें से कुछ में आयोग ने सुधार किए हैं। फिर भी, आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में कहा है कि आयोग के प्रमुख फैसले आम राय से लिए गए हैं। जबकि संधू और जोशी ने मुख्य चुनाव आयुक्त से लिखित आपत्ति जताई है कि आयोग के नाम पर उनकी जानकारी के बिना फैसले लिए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग के फैसलों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बीच विभिन्न स्तरों पर आयोग के कामकाज में गड़बड़ियों के मामले सामने आ रहे हैं। यहां दो राज्यों उत्तरप्रदेश और कर्नाटक का जिक्र करते हैं। देश की सत्ता की राह तय करने वाले उत्तरप्रदेश में फरवरी, मार्च में विधानसभा चुनाव होंगे। वहां मतदाताओं की संख्या पर विरोधाभास है। राज्य में 1 मार्च 2026 को वयस्कों की अनुमानित संख्या 16.2 करोड़ थी। 2025 में एसआईआर से पहले वोटरों की संख्या 15.4 करोड़ थी। 2026 में एसआईआर के बाद 13.4 वोटर बचे। वहीं स्थानीय संस्थाओं के चुनाव में वोटरों की संख्या 16.9 करोड़ बताई गई। वोटरों की संख्या में इतना अधिक अंतर समझ में नहीं आता है। पीलीभीत और आजमगढ़ में वोटर लिस्ट में अनियमितताओं की खबरों के बीच उप्र के मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिनवा ने पूरे राज्य में फार्म– 6, फार्म– 7 और फार्म– 8 में 10 अप्रैल के बाद कंप्यूटर असिस्टेंट द्वारा की गई प्रविष्टियों का ऑडिट कराने के आदेश दिए हैं। पीलीभीत में बड़ी संख्या में वोटरों के नाम काटने की खबरें आई हैं। आयोग ने पीलीभीत विधानसभा की मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं के लिए दो चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारियों (ईआरओ) को निलंबित कर दिया है। कर्नाटक में एसआईआर के बाद 99.32 लाख वोटरों के नाम काट दिए गए हैं। अंग्रेजी अखबार हिन्दू में प्रकाशित एक अन्य खबर के अनुसार राज्य में मतदाता सूचियों से नाम काटने के लिए 61 हजार फार्म– 7 चुनाव अधिकारियों ने दाखिल किए हैं। किसी भी आवेदन में नाम हटाने के लिए एक भी कारण नहीं बताया गया है। मतदाता पंजीयन नियम 1960 के तहत नाम हटाने का कारण बताना अनिवार्य है। 23 सितंबर 2026 को दावे और आपत्तियां दाखिल करने की समय सीमा खत्म होने के बाद फार्म–7 आवेदनों की संख्या तेजी से बढ़ी। सबसे अधिक फार्म बेंगलुरु महानगर पालिका साउथ डिस्ट्रिक्ट में दाखिल किए गए हैं। यह पता नहीं लग सका है कि नाम हटाने के आवेदनों के बाद कितने नाम मतदाता सूची से काटे गए हैं। पहली नजर में यह अनियमितता है। लिहाजा अब तक इसके लिए किसी को दंडित करने की खबरें सामने नहीं आई हैं। कर्नाटक, उत्तरप्रदेश के अलावा पश्चिम बंगाल सहित कई अन्य राज्यों से भी अनियमितताओं की खबरें आ रही हैं। लेकिन इनके लिए संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने के मामले में कुछ नहीं हुआ है। कई मामलों से समूची एसआईआर प्रक्रिया में अनियमितता साबित हो चुकी है। फिर भी, इसके लिए किसी की जवाबदेही तय नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने अपनी कई गलतियों और प्रक्रियाओं में सुधार किया है। उसने अपनी गलती स्वीकार कर ली है। फिर भी, उसके लिए कौन दोषी है। उसके खिलाफ कौन कार्रवाई करेगा। लोकतंत्र में जवाबदेही का सिद्धांत उसके स्वस्थ रहने की प्रमुख शर्त है। यहां तो कोई जवाबदेही लेने के लिए तैयार नहीं है।

सत्तारूढ़ भाजपा तो एसआईआर और थोक में वोटरों के नाम काटने को सही ठहरा रही है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि तीन करोड़ घुसपैठिये वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं।

अमेरिकी मध्यावधि चुनाव के नतीजे ट्रंप की तानाशाही के खिलाफ स्पष्ट जनादेश

नित्य चक्रवर्ती

अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के नतीजे न केवल राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मौजूदा प्रशासन पर, बल्कि लैटिन अमेरिका, यूरोप और भारत जैसे देशों की राजनीतिक स्थिति पर भी बड़ा असर डालेंगे। वैश्विक स्तर पर, ट्रंप की यह बड़ी हार दुनिया के उन विभिन्न समूहों का हौसला बढ़ाएगी जो अलग–अलग तरह की तानाशाही के खिलाफ लड़ रहे हैं। वामपंथी राष्ट्रपति लूला की ऐतिहासिक जीत के महज दस दिन बाद अमेरिकी मतदाताओं का यह फैसला संकेत देता है कि इस महाद्वीप में एक नया राजनीतिक माहौल बन रहा है, जो अति दक्षिणपंथी उभार की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार है। ताजा नतीजों के अनुसार, सीनेट में डेमोक्रेट्स को लगभग 55 सीटें मिली हैं, जबकि रिपब्लिकन को 45 सीटें मिली हैंय यानी डेमोक्रेट्स के पास स्पष्ट बहुमत है। हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स (प्रतिनिधि सभा) की 435 सीटों में से डेमोक्रेट्स को 240 से अधिक सीटें मिलने की उम्मीद है, जो बहुमत के लिए जरूरी 218 सीटों से कहीं ज्यादा है। इस तरह, कांग्रेस के दोनों सदनों पर नियंत्रण मिलने से डेमोक्रेट्स को ट्रंप पर अपनी नीतियां बदलने के लिए दबाव डालने का एक बड़ा मौका मिल गया है। अमेरिकी संविधान के अनुसार, ट्रंप के पास वीटो शक्तियां हैं। वे कांग्रेस की राय को नजरअंदाज करते हुए अपने कुछ कार्यक्रमों को लागू करने के लिए इन शक्तियों का इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन इसकी भी एक सीमा है। 3 नवंबर के चुनावों के बाद उनकी राजनीतिक हैसियत कमजोर हुई है। ऐसे में शायद वे कांग्रेस पर उस तरह से अपनी मर्जी नहीं थोप पाएंगे, जैसा कि उन्होंने 21 जनवरी, 2025 को पदभार संभालने के बाद पिछले दो वर्षों में किया है। अपने खिलाफ आए इस स्पष्ट फैसले के बाद ट्रंप के तेवर कुछ नरम पड़ गए हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि वे अपने कार्यकाल के बचे हुए दो वर्षों में कांग्रेस में डेमोक्रेट्स के साथ मिलकर काम करेंगे। उनके चुनाव प्रचार के दौरान का वह दावा अब गायब था कि डेमोक्रेट्स मतदान के आंकड़ों में हेरफेर कर सकते हैं। उन्होंने इस जनादेश को स्वीकार कर लिया है। ट्रंप अब एक जटिल राजनीतिक स्थिति का सामना कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान, उन्होंने मतदाताओं से कहा कि वे याद रखें कि हर मतपत्र पर वही उम्मीदवार हैं। उन्हें इसे अपने ऊपर एक जनमत संग्रह कहलाना पसंद था। रिपब्लिकन ने भी यही रुख अपनाया। वहीं, डेमोक्रेट्स ने इसे ट्रम्प के इंजन–विरोधी कार्यक्रमों पर एक जनमत संग्रह के रूप में पेश किया। अब इस करारी हार के बाद, वे अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते, हालांकि उन्होंने चालाकी दिखाते हुए यह कहा कि अगर वे खुद उम्मीदवार होते, तो उन्हें भारी जीत मिलती। लेकिन रिपब्लिकन पार्टी के नेता काफी नाराज और निराश हैं। उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को अपने ही गढ़ों में भारी हार का सामना करना पड़ा, खासकर उन निर्वाचन क्षेत्रों में जहां ट्रम्प ने सबसे



ज्यादा प्रचार किया था। पिछले 94 वर्षों में पहली बार, कंसास में एक डेमोक्रेट ने सीनेट की सीट जीती, जहां एडम हैमिल्टन ने रोजर मार्शल को हराया। ट्रम्प के लिए एक और बड़ी व्यक्तिगत हार मिशिगन में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार अब्दुल अल–सैयद की जीत रही। ट्रम्प ने हमेशा की तरह सैयद के खिलाफ इस्लाम–विरोधी बयानबाजी की, लेकिन मतदाताओं ने उन्हें स्पष्ट बहुमत से चुन लिया। रिपब्लिकन इस बात से हैरान हैं कि ट्रम्प द्वारा चुने गए ज्यादातर उम्मीदवार हार गए हैं। टेक्सास और साउथ कैरोलिना में, ट्रम्प ने अपने पसंदीदा उम्मीदवारों के लिए जमकर प्रचार किया था। ये सभी पारंपरिक रूप से रिपब्लिकन के गढ़ रहे हैं, और राष्ट्रपति के प्रचार और समर्थन के बाद, यह माना जा रहा था कि वे आसानी से जीत जाएंगे।

लेकिन 3 नवंबर के चुनावों में, वहां के रूढ़िवादी मतदाताओं ने डेमोक्रेट्स का साथ दिया, जिससे रिपब्लिकन पार्टी को बड़ा झटका लगाकृजो राष्ट्रपति चुनावों में सीटों के लिए हमेशा टेक्सास पर निर्भर रहती है। रिपब्लिकन–बहुल राज्यों के ये रुझान 2028 के राष्ट्रपति चुनावों के लिए एक चिंताजनक संकेत देते हैं। ट्रम्प समर्थित उम्मीदवारों की विफलता के विपरीत, बर्नी सैंडर्स और उनके वामपंथी डेमोक्रेट्स ने 3 नवंबर के चुनावों में बड़ी सफलता हासिल की है। हालांकि अंतिम आंकड़े अभी आने बाकी हैं, लेकिन डीएसए सूत्रों का दावा है कि सैंडर्स द्वारा समर्थित 70 उम्मीदवारों में से 40 से अधिक जीत गए हैं। ये सभी सैंडर्स के उन कार्यक्रमों के समर्थक हैं जो मजदूरों और गरीबों के लिए अधिक सुविधाओं, रक्षा खर्च में कटौती और ईरान के साथ युद्ध खत्म करने की वकालत करते हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी में डीएसए की बढ़ती संख्या को देखते हुए, पार्टी नेतृत्व पर अब भारी दबाव होगा कि वे कांग्रेस में अपने एजेंडे को और अधिक श्रजन–हितैषीश दिशा में ले जाएं। लैटिन अमेरिका और यूरोप, दोनों ही जगहों पर वामपंथियों और उदारवादियों के बीच काफी उत्साह है, क्योंकि घोर दक्षिणपंथी विचारधारा के दो बड़े स्तंभ– डोनाल्ड ट्रंप और ब्राजील के जायर बोल्सोनारो– हार गए हैं। लैटिन अमेरिका में श्सत्ता परिवर्तनश के ट्रंप के एजेंडे को, ब्राजील में लूला के राष्ट्रपति चुने जाने से पहले ही एक बड़ा झटका लग चुका है। इसके अलावा, लैटिन अमेरिकी क्षेत्र में अन्य घोर दक्षिणपंथी पार्टियों को मिलने वाला समर्थन भी फिलहाल कम हो सकता है। ट्रंप अब नवंबर 2028 तक अपनी सत्ता बचाए रखने की जद्दोजहद में ही इतने व्यस्त रहेंगे कि उनके लिए कुछ और कर पाना मुश्किल होगा, खासकर तब जब अमेरिकी कांग्रेस में डेमोक्रेट्स फिर से मजबूत होकर लौट आए हैं। भारत की बात करें तो, ट्रंप की हार के नतीजों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जरूर चिंतित होंगे। ट्रंप का श्मगाश (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) एजेंडा, काफी हद तक नरेंद्र मोदी के अपने एजेंडे से मिलता–जुलता है। अमेरिका में मौजूद भाजपा से जुड़े संगठन, जिनमें वीएचपी और अन्य हिंदू संगठन शामिल हैं, डोनाल्ड ट्रंप के साथ हार गए। वे भी ट्रंप की तरह ही इस्लाम से नफरत रखते हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी के कई लोग नरेंद्र मोदी को ट्रंप जैसा ही मानते हैं। असल में, बर्नी सैंडर्स ने मोदी को उन दक्षिणपंथी नेताओं में से एक बताया है, जिनका नेतृत्व ट्रंप करते हैं। अब अमेरिकी संसद अर्थात कांग्रेस में सैंडर्स और भी ताकतवर हो जाएंगे, क्योंकि उनके गुट के कई सदस्य चुनकर आए हैं। अमेरिका के साथ भारत के हितों की रक्षा के लिए, वाशिंगटन में भारतीय दूतावास को डेमोक्रेट्स के साथ और ज्यादा बातचीत करनी होगी। भारत में मानवाधिकारों के उल्लंघन के मुद्दे पर, आने वाले साल में मोदी सरकार को अमेरिकी कांग्रेस और उसकी कमेटियों की और ज्यादा आलोचना का सामना करने के लिए तैयार रहना होगा।

बच्चों की सुरक्षा हमारी सामूहिक जिम्मेदारी

राजीव तिवारी

बाल सुरक्षा का अर्थ केवल किसी घटना के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि ऐसे वातावरण का निर्माण करना है, जहां जोखिमों को पहले पहचाना जाए, बच्चों की बात सुनी जाए और उन्हें सहायता मांगने का भरोसा मिले।

आज बच्चों की सुरक्षा का प्रश्न घर की चारदीवारी से लेकर स्कूल, सड़क, सार्वजनिक स्थान और डिजिटल दुनिया तक फैला हुआ है। आज बाल सुरक्षा का अर्थ केवल बच्चों को शारीरिक शोषण से बचाना नहीं, बल्कि उन्हें भावनात्मक, सामाजिक और डिजिटल दुनिया में भी सुरक्षित वातावरण देना है।भारत में बच्चों की सुरक्षा के सामने कई तरह की चुनौतियां हैं। शारीरिक और यौन शोषण, बाल श्रम, बाल विवाह, मानव तस्करी, ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर बुलिंग, असुरक्षित परिवहन तथा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं बच्चों के अधिकारों और विकास को प्रभावित करती हैं। भारत में बच्चों की सुरक्षा के लिए कई कानूनी और संस्थागत व्यवस्थाएं मौजूद हैं। बाल यौन अपराधों से संरक्षण अधिनियम यानी पॉक्सो, 2012 बच्चों के विरुद्ध यौन अपराधों को रोकने और उनसे जुड़े मामलों में कार्रवाई का कानूनी आधार प्रदान करता है। किशोर न्याय, बालकों की देखरेख और संरक्षण, अधिनियम, 2015 कानून से संघर्षरत बच्चों और देखरेख की जरूरत वाले बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास तथा पुनःसमाजीकरण की व्यवस्था करता है। वहीं, मिशन वात्सल्य बच्चों की देखभाल और संरक्षण से जुड़ी सेवाओं को मजबूत करने का प्रयास है। इसके अंतर्गत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 24 घंटे संकट में फंसे बच्चों तक सहायता पहुंचाने के लिए संचालित है और आपातकालीन सेवा 112 से एकीकृत है। सरकार ने 2025 में मिशन वात्सल्य पोर्टल को भी उन्नत किया, ताकि बाल संरक्षण से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच समन्वय बेहतर हो सके।

लेकिन कानून और योजनाएं तभी प्रभावी होती हैं, जब वे जमीन पर बच्चों तक पहुंचें। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के 2022 के आंकड़ों के अनुसार, देश में बच्चों के विरुद्ध अपराध के 1,62,449 मामले दर्ज हुए। यह संख्या केवल कानूनी चुनौती नहीं, बल्कि सुरक्षा, जागरूकता और समय पर सहायता की आवश्यकता को भी रेखांकित करती है। बच्चों के साथ होने वाले अपराधों की रोकथाम के साथ–साथ उन परिस्थितियों को समझना भी जरूरी है, जिनमें बच्चे स्वयं हिंसक व्यवहार की ओर बढ़ते दिखाई देते हैं। हाल के वर्षों में स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर कम उम्र के बच्चों के बीच मारपीट, धमकी, समूह में किसी बच्चे को निशाना बनाना और आक्रामक व्यवहार की खबरें चिंता पैदा करती हैं। हालांकि, ऐसी घटनाओं के आधार पर यह निष्कर्ष निकालना उचित नहीं कि 13 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों में हिंसा बढ़ रही है। इसके लिए आयु–विशिष्ट और तुलनात्मक राष्ट्रीय आंकड़ों की जरूरत है। फिर भी, किसी बच्चे का बार–बार हिंसक होना एक चेतावनी है, जिसे केवल अनुशासनहीनता कहकर अनदेखा नहीं किया जा सकता। उसके पीछे उपेक्षा, घरेलू तनाव, बुलिंग, भावनात्मक कठिनाई, एकल परिवार, हिंसक सामग्री का संपर्क या साथियों का दबाव जैसे अनेक कारण हो सकते हैं।

मीडिया और ऑनलाइन गेमिंग की भूमिका पर भी संतुलित दृष्टि आवश्यक है। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, एकल परिवारों में माता–पिता बच्चों को ज्यादा समय नहीं दे पाते हैं। अक्सर बच्चे टीवी और मोबाइल पर अपना समय व्यतीत करते हैं। परंतु ये दोनों ही गतिविधियां कई बार माता–पिता की निगरानी के बिना होती हैं। टीवी और डिजिटल मीडिया बच्चों को कुछ नया सीखने, रचनात्मकता और मनोरंजन के अवसर देते हैं, लेकिन बिना निगरानी के हिंसक सामग्री, अपमानजनक भाषा और आक्रामक व्यवहार के लगातार संपर्क में रहना चिंता का विषय हो सकता है।

यदि कोई बच्चा गेम में बार–बार हिंसा को समस्या सुलझाने का तरीका देखता है और फिर वास्तविक जीवन में किसी विवाद के दौरान उसी तरह प्रतिक्रिया करता है, तो अभिभावकों और शिक्षकों को उसके व्यवहार पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन केवल गेम पर प्रतिबंध लगा देना पर्याप्त नहीं है। बच्चे को यह समझाना भी जरूरी है कि डिजिटल दुनिया में दिखाई देने वाली हिंसा वास्तविक जीवन में स्वीकार्य नहीं है।

आरएल एकेडमी में दीपावली पर सजी भव्य रामराज्याभिषेक की झांकी



लोक हस्तक्षेप संवाददाता सलेमपुर (देवरिया)। दीपावली की पूर्व संध्या पर आरएल एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य दीपावली उत्सव का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने भगवान श्रीराम के अयोध्या आगमन एवं राज्याभिषेक पर आधारित मनोहारी झांकी प्रस्तुत की। बच्चों द्वारा बनाई गई कलात्मक रंगोलियों ने परिसर को दीपोत्सव के रंगों से सराबोर कर दिया।

झांकी में विद्यार्थियों ने श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, भरत, हनुमान सहित रामायण के पात्रों का स्वरूप धारण किया। पारंपरिक वेशभूषा, सजावट व भावपूर्ण अभिनय से उन्होंने मर्यादा, त्याग, सत्य और सुशासन का संदेश दिया।

आयोजन में शिक्षिकाओं अंशु सिंह, ज्योति मद्धेशिया, आंचल वर्मा, साजिया, संध्या, विद्यावती व पायल का विशेष योगदान रहा। प्रबंधक संदीप कुमार श्रीवास्तव व प्रधानाचार्य संजय पांडेय ने कहा कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, परंपराओं व नैतिक मूल्यों से जोड़ना है। श्रीराम का जीवन सत्य, त्याग, अनुशासन व कर्तव्यपालन की प्रेरणा देता है।

पॉक्सो मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

बरसी,संवाददाता। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी को पैकोलिया पुलिस ने मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसे शुक्रवार को पचपेड़वा चौराहे से पकड़ा। इसके बाद आरोपी को अदालत भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मुसहा बरहपेड़ा निवासी रामजी ऐना उर्फ रामजी कनौजिया (28) के खिलाफ पैकोलिया थाने में बीएनएस की धारा 137(2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 5(ञ)/6 व 5(द्व)/6 के तहत केस दर्ज किया गया था। वह इस मामले में वांछित था। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह गिरफ्तारी की गई।

स्कूल में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया

अमेठी,संवाददाता। गौरीगंज स्थित संस्कार ग्लोबल स्कूल में दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने दीपावली से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया और रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मकता दिखाई। कार्यक्रम में शिक्षकों ने दीपावली के महत्व और वर्तमान जीवन में इसकी प्रासंगिकता पर विचार रखे। प्रधानाचार्य अंकिता सिंह ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक भावनाओं को जोड़ने के साथ समाज में खुशी और उत्साह का संदेश देता है। इस अवसर पर आशीष तिवारी, मंजू सिंह, जीत लाल पटेल, सविता वैश्य, देशराज मौर्य, अमन सिंह, मोहित शर्मा, शुभम त्रिपाठी, अर्पित शुक्ला, नीरज मौर्य और खुशबू गिरि सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

डीएम ने दीपावली से पूर्व सभी कर्मचारियों का भुगतान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



लोक हस्तक्षेप संवाददाता देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य विभाग व आईसीडीएस विभाग के आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सीएचओ व अन्य कर्मचारियों के मानदेय भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी का भुगतान दीपावली से पूर्व हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि त्योहार पर किसी को आर्थिक कठिनाई न हो।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सभी आशा, एएनएम, सीएचओ व अन्य कर्मचारियों को अक्टूबर माह का भुगतान कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने इस पर संतोष जताया।

उन्होंने डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व अन्य कर्मचारियों का लंबित मानदेय दीपावली से पूर्व अनिवार्य रूप से भुगतान कर दिया जाए। भुगतान में देरी न की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि समय से भुगतान कराना अधिकारियों की जिम्मेदारी है, इसमें लापरवाही न हो। भुगतान की नियमित निगरानी कर शत–प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीएमओ डॉ. एसके सिंह, डीपीओ आदिश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अंबेडकर प्रतिमा व रविदास मंदिर के सुंदरीकरण पर खर्च होंगे 1.98 करोड़



लोक हस्तक्षेप संवाददाता, सलेमपुर (देवरिया)। सलेमपुर और भाटपार रानी विधानसभा क्षेत्र के 20 गांवों में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाओं और संत रविदास मंदिरों के सुंदरीकरण एवं जीर्णोद्धार पर 1 करोड़ 98 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। सांसद रमाशंकर राजभर की पहल पर धनराशि कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियंत्रण सेवा को अवमुक्त कर दी गई है। प्रत्येक गांव में करीब 10 लाख रुपये से कार्य कराए जाएंगे। सलेमपुर ब्लॉक के मलकौली दलित बस्ती, धनपुरवा, बरसीपार, छावनी टोला, बरडीहा दलपत, भलुअनी, दुबे, नदौली, पिपरा नाजिर, सलेमपुर, लार ब्लॉक के छावनी टोला, कुईचवर, भागलपुर ब्लॉक के माडोपार गांव शामिल हैं।

भाटपार रानी ब्लॉक के पडौली, बनकटा तिवारी, शिवपुर, धरमखोर, करन, पहाड़पुर, बेलपार पंडित, खुरसिया, दक्षिण बनकटा ब्लॉक के छेरिया, गाढ़ा, भटनी ब्लॉक के चुहिया गांव भी शामिल हैं। सांसद ने कहा कि महापुरुषों की प्रतिमाओं व मंदिरों का संरक्षण सामाजिक जिम्मेदारी है। मीडिया प्रभारी मंजूर आलम ने बताया कि कार्य मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूरे कराए जाएंगे।

डीएम ने दीपावली से पूर्व सभी कर्मचारियों का भुगतान सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



लोक हस्तक्षेप संवाददाता देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने कलेक्ट्रेट में स्वास्थ्य विभाग व आईसीडीएस विभाग के आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, सीएचओ व अन्य कर्मचारियों के मानदेय भुगतान की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी का भुगतान दीपावली से पूर्व हर हाल में सुनिश्चित किया जाए, ताकि त्योहार पर किसी को आर्थिक कठिनाई न हो।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के सभी आशा, एएनएम, सीएचओ व अन्य कर्मचारियों को अक्टूबर माह का भुगतान कर दिया गया है। जिलाधिकारी ने इस पर संतोष जताया। उन्होंने डीपीओ आईसीडीएस को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व अन्य कर्मचारियों का लंबित मानदेय दीपावली से पूर्व अनिवार्य रूप से भुगतान कर दिया जाए। भुगतान में देरी न की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि समय से भुगतान कराना अधिकारियों की जिम्मेदारी है, इसमें लापरवाही न हो। भुगतान की नियमित निगरानी कर शत–प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सीएमओ डॉ. एसके सिंहा, डीपीओ आदिश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने धान की फसल की क्रॉप कटिंग कर उत्पादन का लिया जायजा



लोक हस्तक्षेप संवाददाता देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने तहसील सदर के ग्राम परसिया भंडारी में कृषक कृष्ण मोहन के गाटा संख्या–15 में एक डिसमिल क्षेत्रफल में धान की फसल की क्रॉप कटिंग कराई। मौके पर ही फसल की कटाई कराकर मड़ाई की गई। एक डिसमिल में 11.54 किलोग्राम धान का उत्पादन पाया गया, जो औसत उत्पादकता से काफी कम था। बताया गया कि कृषक के खेत में धान की रोपाई मानक के अनुरूप नहीं की गई थी, इसलिए उत्पादन कम हुआ। जिलाधिकारी ने कहा कि क्रॉप कटिंग का उद्देश्य फसल की उत्पादकता का आकलन कर कृषि संबंधी नीतियों व नियोजन को तैयार करना है। यह सिलसिला जनपद की सभी तहसीलों में चलेगा, जिससे पूरे जनपद की औसत उत्पादकता का आकलन हो सकेगा। उन्होंने किसानों से पंजीकरण कराकर धान क्रय केंद्रों पर उपज बेचने की अपील की, ताकि उन्हें उचित समर्थन मूल्य मिल सके। इस दौरान जिला सांख्यिकीय अधिकारी, तहसीलदार सदर सहित कृषि विभाग व संबंधित विभागों के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्राम रोजगार सेवकों ने पेरोल आदेश का किया विरोध

बहराइच,संवाददाता। जिले के शिवपुर ब्लॉक में ग्राम रोजगार सेवकों ने पेरोल व्यवस्था बदलने के आदेश का विरोध किया है। आदेश के तहत अब उन्हें ग्राम प्रधान, प्रशासक और ग्राम पंचायत सचिव से पेरोल लेना होगा। उन्होंने आदेश वापस लेने की मांग की। संघ ने चेतावनी दी है कि एक सप्ताह के भीतर आदेश वापस नहीं हुआ तो शिवपुर ब्लॉक समेत जिले के ग्राम रोजगार सेवक ब्लॉक मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना–प्रदर्शन करेंगे।

डीएम और एसपी ने खुखुन्दू में पटाखों की दुकानों का किया निरीक्षण

सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराएं अधिकारी : डीएम



लोक हस्तक्षेप संवाददाता देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर के साथ खुखुन्दू में संचालित पटाखों की दुकानों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने दुकानों पर सुरक्षा मानकों, अग्निशमन व्यवस्थाओं तथा निर्धारित नियमों के अनुपालन की स्थिति का जायजा लिया और दुकानदारों से सुरक्षा व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पटाखों की दुकानों पर अग्नि सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम सुनिश्चित कराए जाएं। दुकानों पर अग्निशमन उपकरणों की उपलब्धता, आपात स्थिति से निपटने की व्यवस्था तथा आसपास पर्याप्त सुरक्षा एवं आवागमन की व्यवस्था बनाए रखी जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि पटाखों की बिक्री निर्धारित मानकों व नियमों के अनुरूप ही होनी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उप कृषि निदेशक ने कृषि योजनाओं और यंत्रों की जानकारी दी

बस्ती,संवाददाता। जिले के कप्तानगंज ब्लॉक की ग्राम पंचायत पोखरा में खेत बचाओ अभियान के तहत किसानों की जागरूकता बैठक हुई। उप कृषि निदेशक अशोक कुमार ने किसानों को पराली प्रबंधन और कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। अशोक कुमार ने किसानों से फसल अवशेष यानी पराली खेत में नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने बताया कि पराली जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर असर पड़ता है और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि धान की कटाई के बाद बचे फसल अवशेषों को खेत में ही उपयोगी बनाया जा सकता है। कृषि यंत्रों की मदद से पराली को मिट्टी में मिलाने और उसका इस्तेमाल करने के तरीके भी बताए। आधुनिक कृषि यंत्रों से मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने और खेती की लागत कम करने में मदद मिल सकती है।

बैठक में फसल बीमा योजना, खाद–बीज की उपलब्धता और किसानों के हित में चलाई जा रही अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सुविधाओं और खेती में नई तकनीक अपनाने के बारे में भी बताया गया। इस दौरान एडीओ एजी अरुण कुमार पटेल, सलाहकार अजीत त्रिपाठी, बीटीएम राजेश ओझा, कृषि तकनीकी सहायक आलोक कुमार, उत्कर्ष प्रसाद और साधना वर्मा मौजूद रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बुधेश सिंह, बब्बू गुप्ता, रजब अली, जितेंद्र और क्षेत्र के कई किसान भी बैठक में शामिल हुए। कृषि विभाग ने यह अभियान किसानों को पराली प्रबंधन के प्रति जागरूक करने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और खेती को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए आयोजित किया।

राजेश कुमार सिंह बार एसोसिएशन अध्यक्ष चुने गए

बहराइच,संवाददाता। आदर्श बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में राजेश कुमार सिंह अध्यक्ष चुने गए। उन्होंने राजेंद्र प्रसाद वर्मा को 6 मतों से हराया। मिहींपुरवा (मोतीपुर), बहराइच की तहसील परिसर में हुए चुनाव में राजेश कुमार सिंह को 39 और राजेंद्र प्रसाद वर्मा को 33 मत मिले। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर राजीव कुमार सिंह जीते। कनिष्ठ सदस्य के तीन पदों पर अतुल शुक्ला, गौरव श्रीवास्तव और भैरव नाथ चुने गए। नतीजे घोषित होने के बाद अधिवक्ताओं ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी। चुनाव में सभी प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया।

जंगली हाथियों ने किसान की गन्ने की फसल रौंदी

बहराइच,संवाददाता। कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग की सुजौली रेंज के त्रिलोकी गौढ़ी गांव में 6 से 7 जंगली हाथियों का झुंड खेतों में घुसकर फसलें रौंद रहा है। ताजा घटना में हाथियों ने किसान परशुराम पुत्र बुद्धा की करीब 3 से 4 बीघा गन्ने की फसल बर्बाद कर दी। ग्रामीणों के मुताबिक, हाथी जंगल से निकलकर गांव के आसपास पहुंचते हैं और गन्ने समेत दूसरी फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को अब तक नहीं मिला है। इससे पहले हाथियों ने परशुराम पुत्र बुद्धा, संजय पुत्र छोटेलाल, विनोद पुत्र राजेश और तोताराम पुत्र अंबर की फसलों को नुकसान पहुंचाया था। हालिया घटना में परशुराम पुत्र बुद्धा, जुग्गी पुत्र रामदास और अनुपम पुत्र परशुराम समेत अन्य किसानों की फसलें भी प्रभावित हुई हैं। किसानों का कहना है कि फसल नुकसान से जुड़े कागजात सुजौली के वन विभाग रेंज कार्यालय में जमा कर दिए गए हैं। उनका दावा है कि करीब दो साल से मुआवजे का इंतजार है, लेकिन अब तक आर्थिक सहायता नहीं मिली। सूचना मिलने पर वन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लिया। वनकर्मियों ने किसानों को मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। वन क्षेत्राधिकारी नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि नुकसान की जानकारी मिलने पर वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया। ग्रामीणों ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से हाथियों से फसल बचाने के इंतजाम करने की मांग की है। उन्होंने लंबित मुआवजे की प्रक्रिया पूरी कर प्रभावित किसानों को जल्द आर्थिक सहायता देने की भी मांग की।

शंकर देवी इंटर कॉलेज में रंगोली और दीप प्रतियोगिता हुई



बस्ती,संवाददाता। नगर बाजार स्थित भगवती प्रसाद शंकर देवी इंटर कॉलेज में रंगोली और दीप प्रतियोगिता हुई। इसमें कक्षा 1 से 12 तक की छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय ने प्रतियोगिता में शामिल छात्राओं की सूची तैयार की। इसका उद्देश्य छात्राओं की रचनात्मकता और कला कौशल को बढ़ावा देना और भारतीय कला–संस्कृति में उनकी रुचि बढ़ाना है। कक्षा 1 से आराध्या और श्रेया, कक्षा 2 से मानवी और अनुष्का, कक्षा 3 से सौम्या, रानी, गौरी और अंजली ने भाग लिया। कक्षा 4 से अनाविया, मानवी, प्रिया और पलक शामिल हुईं। कक्षा 5 से महिमा, लक्ष्मी और स्नेहल ने हिस्सा लिया। कक्षा 6 से साक्षी यादव, शगुनी, अनन्या, रिया, स्वर्णिमा, निशा और पलक शामिल हुईं। कक्षा 7 से आर्या मिश्रा, मुस्कान और निशा मौर्या ने भाग लिया। कक्षा 8 से अनामिका मिश्रा, अंकिता शर्मा, नव्या शर्मा और आरोही शामिल रहीं। कक्षा 9 से नैन्सी वर्मा, संध्या यादव, दिव्या और शालिनी ने भाग लिया। कक्षा 10 से तन्या, साक्षी, शालू, सोनाली, काजल्य, काजल, माहि और महिमा शामिल हुईं। कक्षा 11 से हर्षिता, नैना, पंचल मिश्रा, लक्ष्मी, पूजा, अंजू, शिल्पा, प्रीति, दीपाली और शिवानी ने हिस्सा लिया।

कक्षा 12 से खुशबू सोनी और दिव्या ने भाग लिया। विद्यालय की प्रबंधकीय और शैक्षणिक व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रबंधक राम जी कसौधन, प्रधानाचार्य सूरज कसौधन, डायरेक्टर एलपी गुप्ता और उपप्रधानाचार्य एलपी मिश्रा संभाल रहे हैं। विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों से जुड़े शिक्षक–शिक्षिकाओं में दिलीप कुमार, राम गोपाल, मुनेन्द्र अहमद, तौफीक अहमद, आशा सिंह, साधना पाण्डेय, अंकिता उपाध्याय, पूजा गुप्ता, रामफेर चौहान, दुर्गा प्रसाद, संजय यादव, प्रीति यादव, सुनील कुमार, कन्हैयालाल, सिंकू मौर्य, धर्मवीर, खुशबू देवी, दिव्या वर्मा, माजिदा खातून, संतोष, संध्या गौतम और दिलीप अग्रहरी शामिल हैं

बीएसएफ-जवान के घर चोरी नकदी और रिवॉल्वर ले गए

अमेठी,संवाददाता। जिले में चोर बीएसएफ जवान रामजस यादव के घर से 10 से 12 लाख रुपए की ज्वेलरी, नकदी, लाइसेंसी रिवॉल्वर और कारतूस ले गए। घटना बीती रात की है। पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच कर रही हैं। चोरी अमेठी कोतवाली क्षेत्र में बाईपास स्थित होटल वृंदावन के सामने हुई। रामजस यादव छुट्टी पर घर आए थे। परिवार के साथ पैतृक गांव में भंडारे के कार्यक्रम में गए थे, इसलिए घर पर कोई नहीं था। चोर छत के रास्ते घर में घुसे और कमरों की तलाशी ली। वे अलमारी और बक्सों में रखी ज्वेलरी, नकदी और लाइसेंसी रिवॉल्वर ले गए। सुबह पड़ोसियों ने फोन कर रामजस को घर की ग्रिल टूटी होने की जानकारी दी। इसके बाद वे मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। रामजस ने बताया कि घर से डेढ़ से पौने दो लाख रुपए नकद, लाइसेंसी पिस्तौल और 8 से 10 कारतूस भी गायब हैं। शुरुआती जानकारी में 32 बोर की रिवॉल्वर और दर्जनों कारतूस चोरी होने की बात कही गई है। अमेठी कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सीओ गौरीगंज अखिलेश वर्मा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने भी मौके पर जांच की। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज देख रही है और चोरों के भागने के रास्ते की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने बताया कि शिकायत मिली है और केस दर्ज किया जा रहा है।

धनतेरस पर वाहनों की खूब हुई बुकिंग

बस्ती,संवाददाता। जिले में धनतेरस पर जिले के ऑटोमोबाइल सेक्टर में तेजी देखने को मिली। शुभ मुहूर्त में नया वाहन खरीदने की परंपरा के चलते दोपहिया और चारपहिया वाहनों की खरीदारी के लिए सुबह से ही एजेंसियों पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही।

अपनी पसंद और बजट के अनुसार लोगों ने वाहनों की बुकिंग और खरीदारी की। इससे ऑटोमोबाइल कारोबारियों के चेहरे खिल उठे। हरदिया चौराहा स्थित मारुति सुजुकी शोरूम में ही धनतेरस पर 60 वाहनों की बुकिंग हुई, 10 करोड़ रुपए से अधिक के ये वाहन हैं। शोरूम के प्रबंधक आरके वर्मा ने बताया कि बुकिंग के सापेक्ष ग्राहकों को धीरे–धीरे वाहनों की डिलीवरी दी जा रही है। त्योहार के मौके पर ग्राहकों में वाहन खरीदने को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। धनतेरस को नई वस्तुओं और वाहनों की खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है। इसी मान्यता के चलते लोग परिवार के साथ वाहन एजेंसियों पर पहुंचे। ग्राहकों ने अपनी पसंद के मॉडल, रंग और फीचर्स की जानकारी लेने के बाद वाहन खरीदने का निर्णय लिया। कई लोगों ने पहले से बुकिंग करा रखी थी, जबकि कुछ ग्राहकों ने मौके पर ही वाहन पसंद कर खरीदारी की। वाहन खरीदने वाले परिवारों में भी खास उत्साह दिखाई दिया। नई गाड़ी घर ले जाने की खुशी उनके चेहरों पर साफ नजर आई। एजेंसियों पर वाहन की चाबी मिलने के बाद ग्राहकों ने प्रसन्नता जताई, यही हाल जिले की अन्य एजेंसियों का भी है।

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा सिस्को आईएन निविदा शिथि दिनांक 27.11.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुअल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

निविदा सूचना संख्या	01142026 दिनांक 05.11.2026
निविदा संख्या	45-SrDEN-I-LKO-2026-27
कार्य का नाम	सहायक मंडल अभियंता–मुख्यालय/लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/आलमबाग/पूर्व/लखनऊ के खंड में शांतिपुरम कॉलोनी, डीजल शेड कॉलोनी, चर्च कॉलोनी, बरहा कॉलोनी, जेल रोड के पश्चिम में स्थित डीजल शेड, आरपीएफ–38, रनिंग रूम और एनआरडीएफ में छत के रिसाव, जल आपूर्ति प्रणाली और सैनिटरी फिटिंग की भारी मरम्मत और सफेदी और पेंटिंग आदि का कार्य।
अनुमानित लागत	Rs.46493164.58
धरोहर राशि	Rs. 929900/-
कार्य की समापन अवधि	स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह।
निविदा खोलने की प्रारंभ	13.11.2026
निविदा बंद होने की तिथि एवं समय	27.11.2026
वेबसाईट	www.ireps.gov.in

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

3890/2026

ग्राहकों की सेवा में सुरक्षा के साथ



शरवानंद की फिल्म जॉर्ज कृष्ण में मानसा वाराणसी की एंट्री, 14 जनवरी 2027 को होगी प्रदर्शित

अभिनेत्री मानसा वाराणसी दक्षिण भारतीय अभिनेता शरवानंद की आगामी फिल्म श्जॉर्ज कृष्णच से जुड़ गई हैं। फिल्म के निर्माताओं ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि मानसा इसमें मुख्य अभिनेत्री की भूमिका निभाएंगी। श्रीनू वैतला के निर्देशन में बन रही यह फिल्म तेजी से निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रही है। निर्माताओं ने एक दिन पहले फिल्म से जुड़ी नई जानकारी देने का संकेत दिया था। इसके बाद जारी ताजा घोषणा में मानसा वाराणसी के फिल्म का हिस्सा बनने की पुष्टि की गई। निर्माताओं ने सामाजिक माध्यमों पर साझा संदेश में कहा कि मानसा और शरवानंद की जोड़ी बड़े पर्दे पर दर्शकों के लिए नई और दिलचस्प होगी। फिल्म को संक्रांति के अवसर पर प्रदर्शित करने की तैयारी है। फिल्म में मानसा वाराणसी पारंपरिक और आकर्षक रूप में नजर आएंगी। उनकी भूमिका को लेकर फिलहाल अधिक जानकारी साझा नहीं की गई है। फिल्म के संगीत की जिम्मेदारी अनूप रूबेन्स ने संभाली है, जबकि छायांकन केवी गुहान और संपादन अमर रेड्डी कुडुमुला कर रहे हैं। एटीवी की प्रस्तुति में बन रही इस फिल्म का निर्माण एके एंटरटेनमेंट्स के बैनर तले रामाब्रह्मम सुनकारा कर रहे हैं। अजय सुनकारा सह–निर्माता के रूप में परियोजना से जुड़े हैं। श्जॉर्ज कृष्णच 14 जनवरी 2027 को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी।

मुकुथी अम्मान 2 का टीजर हुआ जारी, महाशक्ति बनकर अलौकिक रूप में छाईं नयनतारा

दक्षिण भारतीय सिनेमा की चर्चित अभिनेत्री नयनतारा अपनी आगामी फिल्म श्मूकुथी अम्मन 2श के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। भक्ति और मनोरंजन से भरपूर इस फिल्म की रिलीज तारीख का निर्माताओं ने ऐलान कर दिया है। सुंदर सी. के निर्देशन में बनी यह फिल्म दिवाली के अवसर पर 6 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म के टीजर को दर्शकों की ओर से अच्छी प्रतिक्रिया मिलने की जानकारी भी सामने आई है। मूकुथी अम्मन 2श वर्ष 2010 में आई फिल्म श्मूकुथी अम्मनश की अगली कड़ी है। फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बनी हुई है। इसका तेलुगु संस्करण श्महाकालीश नाम से रिलीज किया जाएगा। निर्माताओं को उम्मीद है कि धार्मिक और मनोरंजक विषय के मेल वाली यह फिल्म त्योहार के दौरान दर्शकों को आकर्षित करेगी। फिल्म में नयनतारा के साथ रेजिना कैसेंड्रा, दुनिया विजय, योगी बाबू और उर्वशी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण डॉ. इशारी के. गणेश अपने बैनर श्वेल्स फिल्म इंटरनेशनलश के तहत कर रहे हैं। संगीत की जिम्मेदारी हिप–हॉप तमिलहा आदि ने संभाली है। फिल्म के टीजर को मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद अब दर्शकों की नजर इसकी रिलीज पर है। दिवाली के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इस फिल्म से निर्माताओं को अच्छी उम्मीदें हैं। नयनतारा के आगामी प्रोजेक्ट को लेकर भी फिल्म जगत में चर्चा है। बताया जा रहा है कि वह निर्देशक वामसी पैदिपल्ली की फिल्म में सलमान खान के साथ नजर आएंगी। इस परियोजना का संभावित नाम श्मॉन्स्टरश्च बताया जा रहा है, हालांकि शीर्षक को लेकर आधिकारिक पुष्टि का इंतजार है। नयनतारा के इस प्रोजेक्ट ने भी प्रशंसकों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है।

जीभ की सफाई को आसान बनाने के लिए अपनाएं ये आदतें


जीभ की सफाई का ध्यान रखना मुंह की सेहत के लिए बहुत जरूरी है। अक्सर लोग ब्रश करते समय जीभ को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे कई समस्याएं हो सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी आदतें बताएंगे, जिन्हें अपनाकर आप अपनी जीभ को साफ और स्वस्थ रख सकते हैं। ये आदतें न केवल आपकी मुंह की सफाई को बेहतर बनाएंगी, बल्कि आपके मुंह की बदबू को भी कम करेंगी।

नियमित रूप से जीभ साफ करें

रोजाना ब्रश करने के बाद अपनी जीभ को साफ करना बहुत जरूरी है। ब्रश करते समय हल्के हाथों से जीभ पर भी ब्रश चलाएं। इससे आपकी जीभ पर जमा हुआ बैक्टीरिया और खाना हट जाएगा। अगर आप हर बार ब्रश करते समय इसे नहीं कर पाते तो दिन में कम से कम एक बार जरूर अपनी जीभ को साफ करें। इससे आपके मुंह की बदबू कम होगी और आपकी सेहत बेहतर रहेगी।

जीभ की सफाई के लिए सही उपकरण का उपयोग करें

जीभ साफ करने के लिए सही उपकरण का चयन करना अहम है। बाजार में कई प्रकार के जीभ साफ करने वाले उपकरण मिलते



है लेकिन आपको वह चुनना चाहिए जो आपके लिए सबसे आरामदायक हो। प्लास्टिक या स्टील के उपकरण अच्छे विकल्प हो सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि वे नरम हों ताकि जीभ पर किसी प्रकार की चोट न लगे। इसके अलावा नियमित रूप से अपने उपकरण को भी साफ करें ताकि उसमें बैक्टीरिया न पनप सकें।

हल्के हाथों से जीभ पर ब्रश करें

जब आप अपनी जीभ को साफ करें तो हल्के हाथों से ही ब्रश करें। ज्यादा दबाव डालने से आपकी जीभ घायल हो सकती है और इससे दर्द भी हो सकता है। हल्के हाथों से ब्रश करने पर बैक्टीरिया और गंदगी आसानी से हट जाती है बिना किसी चोट के।

आप चाहें तो जीभ साफ करने वाले उपकरण का भी उपयोग कर सकते हैं, लेकिन उसे भी हल्के हाथों से ही इस्तेमाल करें ताकि किसी प्रकार की समस्या न हो।

मित्रता के बाद अब पार्टी एनिमल्स में नजर आएंगे विराज घेलानी, बोले– फुल–ऑन मस्ती फिल्म है

एक्टर और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर विराज घेलानी अपनी नई फिल्म पार्टी एनिमल्स के साथ दर्शकों को हंसाने के लिए तैयार हैं। दोस्ती, मस्ती और गलत फैसलों के चलते एक रात की कहानी पर बनी इस कॉमेडी फिल्म में विराज लीड रोल में नजर आएंगे। एक्टर ने फिल्म को फुल–ऑन मस्ती फिल्म बताया है। उनका कहना है कि इसमें दोस्ती, पागलपन और ऐसे हालात देखने को मिलेंगे, जो हर पल और मजेदार होते जाएंगे। विराज ने फिल्म को लेकर कहा, पार्टी एनिमल्स एक अलग तरह की फिल्म है। यह फुल–ऑन मस्ती फिल्म है। मैं काफी एक्साइटेड हूं कि दर्शक इसे बड़े पर्दे पर देखें। इसमें दोस्ती, पागलपन और ऐसे हालात हैं, जो लगातार और ज्यादा मजेदार होते जाते हैं। फिल्म की दुनिया में काफी एनर्जी है और दर्शक इससे खुद को जोड़ पाएंगे। मैं इंतजार नहीं कर सकता कि सभी इसे सिनेमाघरों में देखें। यूडली फिल्म्स के बैनर तले बनी पार्टी एनिमल्स की कहानी मुंबई में सेट है। फिल्म में विराज घेलानी, मान पटेल का किरदार निभा रहे हैं, जबकि अर्जुन तनवर अरमान खन्ना के रोल में नजर आएंगे। दोनों बचपन के दोस्त हैं, जो एक रात पार्टी करने के लिए मिलते हैं। लेकिन उनकी यह मुलाकात जल्द ही मुश्किलों में बदल जाती है। रोमांटिक उलझनें, छोटी–छोटी बातों पर झगड़े और बिगड़ी परिस्थितियों को संभालने की उनकी कोशिशें मामले को और उलझा देती हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर सिद्धार्थ आनंद कुमार ने कहा, यह फिल्म बिना किसी झिझक के पागलपन, बेबाकी और अपने ही मजाक को समझने वाले अंदाज में आगे बढ़ती है। हम यह दिखाने की कोशिश नहीं कर रहे कि फिल्म के किरदारों का हर फैसला सही है। असल में, उनके फैसले जितने खराब होते जाते हैं, कहानी उतनी ही मजेदार बनती जाती है। कभी–कभी चीजों को उनके हाल पर छोड़कर पागलपन को आगे बढ़ने देना चाहिए। रवि छाबड़िया के निर्देशन में बनी इस फिल्म को विक्रम मेहरा और सिद्धार्थ आनंद कुमार ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म की कहानी अली हाजी, खुश मुल्लिक और वीर पंचाल ने लिखी है। इसमें प्रगति नागपाल, नकियाह हाजी, आलम खान, साकिब अयूब, कमलेश सावंत, अनिल चरंजीत, आरोन कौल, विजय पाटकर और मनोज जोशी भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। पार्टी एनिमल्स की कहानी में हॉलीवुड की कॉमेडी फिल्मों द हैंगओवर, सुपरबैड और 21 जंप स्ट्रीट जैसी फिल्मों की झलक देखने को मिलेगी। पार्टी एनिमल्स 20 नवंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

शरीर को डिटॉक्स और रीढ़ को लचीला बनाता है अर्ध मत्स्येन्द्रासन, जानें लाभ

आधुनिक जीवनशैली और घंटों एक ही जगह बैठकर काम करने की आदत हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। योग के कई आसनों में से अर्ध मत्स्येंद्रासन एक ऐसा आसन है, जो हमारे पूरे शरीर के लिए बहुत फायदेमंद है। यह आसन रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाता है, पेट के अंगों को सही तरीके से काम करने में मदद करता है। अर्ध मत्स्येंद्रासन, हठयोग का एक प्रमुख और महत्वपूर्ण आसन है, जिसे महान योगी और हठयोग के प्रवर्तकों में से एक, महर्षि मत्स्येंद्रनाथ के नाम पर रखा गया। संस्कृत में अर्ध का अर्थ आधा, मत्स्य का अर्थ मछली और इंद्र का अर्थ राजा होता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, इस आसन के नियमित अभ्यास से शरीर की सुप्त ऊर्जा जागृत होती है और रीढ़ का स्वास्थ्य उत्तम बना रहता है। यह आसन केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि आंतरिक संतुलन प्राप्त करने की एक वैज्ञानिक विधि है। यह एक प्रमुख ट्विस्टिंग (मोड़ने वाला) योगासन है, जो न केवल शरीर की जकड़न



को दूर करता है बल्कि आंतरिक अंगों की मालिश कर शरीर को डिटॉक्स (विषमुक्त) करने में भी मदद करता है। आइए, इस प्राचीन और लाभकारी आसन के महत्व, सही तकनीक और स्वास्थ्य लाभों को विस्तार से समझें।

हठयोग प्रदीपिका में मूल रूप से मत्स्येंद्रासन (पूर्ण मत्स्येंद्रासन) का वर्णन मिलता है। आधुनिक योग अभ्यास में इसी आसन को सरल और सुलभ बनाने के लिए इसके आधे रूप यानी अर्ध मत्स्येंद्रासन का विकास किया गया। इस आसन का नाम नाथ संप्रदाय के महान योगी मत्स्येंद्रनाथ के नाम पर रखा गया है। अर्ध मत्स्येंद्रासन करने का तरीका भी ज्यादा कठिन नहीं होता और नियमित अभ्यास करने पर इसके परिणाम साफ नजर आने लगते हैं। इस आसन को करने के दौरान शरीर को आधा मोड़ते हैं, जिससे शरीर में खून का संचार बेहतर हो जाता है और ऊर्जा का प्रवाह भी बढ़ता है। यही वजह है कि इसे सबसे बेहतरीन आसनों में से एक माना जाता है।

इसके अलावा, यह आसन मधुमेह के मरीजों के लिए भी मददगार माना जाता है। पेट के हिस्से में खिंचाव होने से अग्न्याशय (पैंक्रियास) की कार्यक्षमता बेहतर होती है, जिससे इंसुलिन का स्राव संतुलित होता है। हालांकि, मधुमेह से जुड़े किसी भी अभ्यास को शुरू करने से पहले डॉक्टर की सलाह लेना जरूरी होता है।

येलो गाउन, डीप नेकलाइन और कातिलाना अदाएं, पलक तिवारी की तस्वीरों ने मचाया तहलका



बॉलीवुड की यंग, ग्लैमरस और स्टनिंग एक्ट्रेस पलक तिवारी अपने हर अंदाज से फैंस को सरप्राइज करना बखूबी जानती हैं। पलक सोशल मीडिया पर हमेशा अपने स्टाइलिश लुक्स से तहलका मचाती रहती हैं। हाल ही में पलक ने इंस्टाग्राम पर बेहद आकर्षक तस्वीरें शेयर की हैं। पीले रंग के बैकड्रॉप और मैचिंग आउटफिट में पलक का यह नया अवतार इस समय इंटरनेट पर ट्रेंड कर रहा है। तस्वीरों में उनकी फिटनेस, स्टाइल सेंस और कैमरे के सामने उनका आत्मविश्वास हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। तस्वीरों में पलक तिवारी ने ब्राइट येलो कलर की एक बेहद खूबसूरत गाउन पहनी हुई है। इस आउटफिट का अपर सेक्शन एक स्ट्रक्चर्ड कॉर्सेट बस्टियर डिजाइन में तैयार किया गया है, जिसमें फ्रंट पर डेलिकेट लेस–अप डिटेलिंग दी गई है। ड्रेस के स्लीक नूडल स्ट्रैप्स और डीप प्लंजिंग नेकलाइन पलक के शोल्डर लाइन और कॉलरबोन को परफेक्टली हाइलाइट कर रहे हैं। ड्रेस का लोअर पार्ट यानी स्कर्ट का हिस्सा भी बेहद खास है। कमर से रैप–अराउंड स्टाइल में शुरू होने वाला यह गाउन नीचे फ्लोइंग रफल्स और लेयर्स के साथ आता है। इसके साथ ही ड्रेस में दिया गया बोल्ड और हाई–थाई स्लिट पलक के लेग्स को फ्लॉन्ट कर रहा है। अपने इस बोल्ड आउटफिट को बैलेंस करने के लिए पलक ने मेकअप को बहुत ही सटल और क्लासी रखा है।

उन्होंने ब्रॉन्ज और ब्राउन टोन वाली स्मोकी आइज के साथ विंग्ड आईलाइनर का इस्तेमाल किया है। पलक ने अपने लंबे और घने बालों को हाफ–अप, हाफ–डाउन स्टाइल में बांधा हुआ है, जिसमें से कुछ लहराती हुई मेसी लटें उनके चेहरे पर आ रही हैं। उनके फेशियल एक्सप्रेशन्स की बात करें तो कैमरे के सामने पलक का कॉन्फिडेंस देखते ही बनता है। कभी वे कैमरे की तरफ इंटेंस और सेडक्टिव लुक देती नजर आ रही हैं, तो कभी अपनी उंगलियों से होंठों और चेहरे को सहलाते हुए सेंसुअस एक्सप्रेशन्स दे रही हैं।

यूथ ओलंपिक: तन्वी ने रचा इतिहास, सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं

डकार, एजेंसी। तन्वी पत्री ने यूथ ओलंपिक गेम्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बैडमिंटन खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया है। बुधवार को डकार में खेले गए विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त तन्वी सातवीं वरीयता प्राप्त थाईलैंड की काकानिक कुंगकाव को 21–17, 21–13 से शिकस्त देकर यूथ ओलंपिक के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला शटलर बनीं। 39 मिनट तक चले इस मुकाबले में जीत के बाद अब तन्वी को मेडल सुनिश्चित करने के लिए एक और मैच जीतना होगा। इससे पहले सिर्फ तीन भारतीय शटलर ही यूथ ओलंपिक में बैडमिंटन के सेमीफाइनल तक पहुंच पाए हैं। साल 2010 में सिंगापुर में हुए पहले यूथ ओलंपिक में एचएस प्रणॉय ने रजत पदक जीता था, जबकि 2018 में बूनसू आयर्स में हुए खेलों में लक्ष्य सेन



उपविजेता रहे थे। साल 2014 में आदित्य जोशी लड़कों के सिंगल्स वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, लेकिन उन्हें कोई पदक नहीं मिल सका था। अब तन्वी के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका है। सेमीफाइनल में जीत उन्हें हार जाती है, तो भी उनके पास ब्रॉन्ज मेडल के लिए मुकाबला करने का एक और मौका होगा। सेमीफाइनल में तन्वी का सामना जापान की युजुनो वातानाबे से होगा, जिनके खिलाफ वह पहले भी एक बार खेल चुकी हैं। दोनों खिलाड़ी 2024 में थाईलैंड में हुई पाथुम थानी जूनियर इंटरनेशनल सीरीज में आमने–सामने आए थे, जहां तन्वी को 14–21, 10–21 से हार का सामना करना पड़ा। डकार यूथ ओलंपिक गेम्स की बैडमिंटन प्रतियोगिता में पुरुष और महिला एकल इवेंट शामिल हैं, जिनमें हर कैटेगरी में 32 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता दो चरणों (ग्रुप स्टेज और उसके बाद नॉकआउट) में खेली जा रही है। खिलाड़ियों को चार–चार के आठ ग्रुप में बांटा गया था, जिसमें प्रत्येक खिलाड़ी को अपने ग्रुप के शेष तीन खिलाड़ियों का सामना करना था। हर ग्रुप का विजेता नॉकआउट स्टेज में पहुंचा। इसके बाद क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और मेडल मैच होंगे। 5 नवंबर को गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल का फैसला होगा।

टी20 ट्रॉफी के लिए दिल्ली महिला अंडर-23 टीम का किया ऐलान : डीडीसीए

नयी दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली एंड डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (डीडीसीए) ने टी20 ट्रॉफी 2026द्ध27 के लिए दिल्ली महिला अंडर–23 टीम की घोषणा कर दी है। शिवी शर्मा को इस टीम की कप्तानी सौंपी गई है। डीडीसीए ने 14 नवंबर से हरियाणा में शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट के लिए 16 खिलाड़ियों की टीम का ऐलान किया है। टीम की कमान शिवी संभालेंगी, जबकि परुनिका सिसोदिया को उप–कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस टीम में उभरती हुई प्रतिभाओं का अच्छा मिश्रण है और सभी खिलाड़ी टूर्नामेंट में राज्य की टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं। बुधवार को डीडीसीए की सीनियर महिला चयन समिति की बैठक के बाद इस टीम को अंतिम रूप दिया गया।

यूईएफए चौंपियंस लीग : लिवरपूल को फेनरबाचे ने 3–2 से हराया

इस्तांबुल, एजेंसी। यूईएफए चौंपियंस लीग में युक्रू साराकोग्लू स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में लिवरपूल की टीम को फेनरबाचे के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। फेनरबाचे ने जोरदार वापसी करते हुए लिवरपूल को 3–2 से हराया। लिवरपूल को लगातार तीन जीत के बाद पहली हार मिली, जबकि तुर्की की टीम फेनरबाचे ने सीजन की पहली जीत दर्ज की। लिवरपूल ने 25वें मिनट में 19 साल के ट्रे न्योनी के गोल की मदद से बढ़त बनाई। इसके बाद मेजबान टीम ने पलटवार किया और 4 मिनट बाद बराबरी कर ली। मेसन ग्रीनवुड की फ्री–किक लिवरपूल की दीवार में जेरेमी जैक्वेट से टकराकर एलिसन बेकर के पास से निकल गई। इंटरवल के बाद जब मुकाबला बराबरी पर था, तो लिवरपूल के मैनेजर एंडोनी इराओला ने अलेक्जेंडर इसाक और कोडी गाकपो को मैदान में इसाक ने बॉक्स के अंदर से हेडर मारकर लिवरपूल को 2–1 से आगे कर दिया। फेनरबाचे ने



उतारा। इस कदम से कुछ देर के लिए मैच उनकी टीम के पक्ष में जाता दिखा। 69वें मिनट में सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों ने मिलकर अच्छा काम किया, जिसमें गाकपो ने कोस्टास सिमिकास के साथ जुड़ने के बाद बाईं ओर से गोल किया। फिर ठीक 4 मिनट बाद बराबरी कर ली। शॉर्ट कॉर्नर के बाद एनगोलो कांटे की डिलीवरी को गाकपो ने गलती से दूसरी तरफ मोड़ दिया, जिससे आर्ची ब्राउन को एलिसन की जगह से बाहर होने पर दूर के पोस्ट पर गोल करने का मौका मिल गया।

एशियन चौंपियंस ट्रॉफी 2026 : भारत और जापान के बीच फाइनल, पंजाब सीएम मान होंगे शामिल

मोहाली, एजेंसी। हीरो एशियन चौंपियंस ट्रॉफी 2026 का फाइनल मेजबान भारत और जापान के बीच गुरुवार को शाम 7 बजे से मोहाली के आलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भारतीय टीम का हौसला बढ़ाने के लिए फाइनल के दौरान स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। भारतीय टीम ने बुधवार को इसी स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में दक्षिण कोरिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। टीम इंडिया 8–1 की बड़ी जीत के साथ रिकॉर्ड सातवीं बार फाइनल में पहुंची। भारतीय टीम की तरफ से शिलानंद लाकरा और दिलप्रीत सिंह ने 2–2 गोल किए, जबकि हरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, अंगबीर सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने गोल किए। दक्षिण कोरिया की तरफ से सांगजुन हन ने एकमात्र गोल किया। जापान ने सेमीफाइनल



में मलेशिया के खिलाफ पेनल्टी शूट आउट में 5–2 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम टूर्नामेंट में अब तक पूरी तरह अजेय रही है। फाइनल में जीत के साथ टीम इंडिया का लक्ष्य रिकॉर्ड छठी बार खिताब पर कब्जा जमाना है। भारत और जापान के बीच होने वाले फाइनल मुकाबले से पहले तीसरे स्थान के लिए गुरुवार शाम 4रू30 से मलेशिया और दक्षिण कोरिया बीच मुकाबला होगा। यह मुकाबला भी ओलिंपियन बलबीर सिंह सीनियर हॉकी स्टेडियम, मोहाली में खेला जाएगा।

भाविना पटेल: पैरा टेबल टेनिस में रचा इतिहास

नयी दिल्ली, एजेंसी। भाविना पटेल का नाम देश की शीर्ष पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ियों में शुमार है। भाविना ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पदक जीतकर देश का नाम दुनियाभर में प्रतिष्ठित किया है। भाविना पटेल का जन्म 6 नवंबर 1986 को मेहसाणा, गुजरात में हुआ था। वह सिर्फ 12 साल की उम्र में पोलियो का शिकार हो गई, जिससे उनका दायां पैर प्रभावित हो गया। भाविना के माता–पिता ने उनकी शारीरिक अक्षमता को कभी उनकी कमजोरी नहीं बनने दिया और उन्हें कुछ बड़ा करने के लिए प्रेरित किया। पटेल 2007 में ब्लाइंड पीपल्स एसोसिएशन कंप्यूटर कोर्स करने पहुंची थीं। वहीं पर उन्होंने कुछ बच्चों को टेबल टेनिस खेलते देखा। यहीं से उनके मन में टेबल टेनिस के प्रति रुचि बढ़ी। इसके बाद उन्होंने ललन दोशी के मार्गदर्शन में इस खेल का प्रशिक्षण लेना शुरू किया।

सेमीफाइनल में भारत ने साउथ कोरिया को 8–1 से रौंदा, खिताबी मुकाबले में होगी जापान से भिड़ंत

मोहाली, एजेंसी। एशियन चौंपियंस ट्रॉफी (पंजाब 2026) के सेमीफाइनल में, बुधवार को भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने साउथ कोरिया के खिलाफ 8–1 से दमदार जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई। बुधवार को मोहाली के ओलंपियन बलबीर सिंह सीनियर इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम में खेले गए मैच में शिलानंद लाकड़ा और दिलप्रीत सिंह ने दो–दो गोल दागे। अब गुरुवार को फाइनल में भारत का सामना जापान से होगा। शिलानंद लाकड़ा ने चौथे और 13वें मिनट में गोल किए, जबकि दिलप्रीत सिंह ने 21वें और 25वें मिनट में गोल दागे। इनके अलावा, हरमनप्रीत सिंह (9वें मिनट), सुखजीत सिंह (21वें मिनट), अंगद बीर सिंह (36वें मिनट) और विवेक सागर प्रसाद (54वें मिनट) ने भी एक–एक गोल किया। कोरिया के लिए एकमात्र



गोल सांगजुन हान (9वें मिनट) ने दागा। यह मोहाली स्टेडियम में भारतीय पुरुष हॉकी टीम का पहला मैच था, जो दर्शकों के भारी उत्साह और शोर–शराबे के बीच खेला गया। पांच बार की चौंपियन भारतीय टीम लीग चरण में अपने सभी पांच मैच जीतकर सेमीफाइनल में पहुंची थी। भारत ने उसी फॉर्म को नॉकआउट मुकाबले में भी बरकरार रखा। मोहाली में भारत ने आक्रामक शुरुआत करते हुए चौथे मिनट में ही एक बेहतरीन टीम प्रयास के जरिए बढ़त हासिल कर ली। दिलप्रीत ने स्ट्राइकिंग सर्कल के पास गेंद को कंट्रोल किया और सुखजीत को पास दिया, फिर उनसे वापस गेंद ली। इसके बाद उन्होंने बेसलाइन से गेंद को शिलानंद की तरफ बढ़ाया, जिन्होंने करीब से उसे नेट में पहुंचा दिया। कोरिया ने नौवें मिनट में वापसी की। सांगजुन हान ने दाईं ओर से आए एक पास को गोलकीपर सूरज करकेरा के करीब से नेट में भेज दिया। हालांकि, भारत ने तुरंत ही पेनाल्टी कॉर्नर के जरिए अपनी बढ़त फिर से हासिल कर ली, जब कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एक जोरदार ड्रैग–फ्लिक से गेंद को नेट में पहुंचा दिया। भारत को 13वें मिनट में एक और पेनाल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत के पहले प्रयास को गोलकीपर किम जेह्योन ने रोक दिया, लेकिन रिबाउंड पर शिलानंद ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए अपना दूसरा गोल दागा।

भारत का प्राइवेट क्रेडिट एयूएम 2030 तक तीन गुना बढ़कर 65 अरब डॉलर पहुंचने की उम्मीदः रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत पर केंद्रित प्राइवेट क्रेडिट के तहत एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) 2030 तक बढ़कर 56–65 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जो कैलेंडर वर्ष 2025 में 21.8 अरब डॉलर पर था। यह लगभग तीन गुना वृद्धि और करीब 21–24 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) को दर्शाता है। यह जानकारी बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। केयरएज रेटिंग्स की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का प्राइवेट क्रेडिट बाजार अभी विकास के शुरुआती चरण में है। देश की जीडीपी में इसकी हिस्सेदारी महज 0.6 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में यह 4.4 प्रतिशत और ब्रिटेन में 8.4 प्रतिशत है। इससे इस क्षेत्र में लंबी अवधि में विकास की व्यापक संभावनाएं दिखाई देती हैं। भारत का क्रेडिट–टू–जीडीपी अनुपात, जो आमतौर पर 90 प्रतिशत से 102 प्रतिशत के बीच रहता है, 2022 में घटकर 88.3 प्रतिशत रह गया था। इसके बाद यह 2023 में बढ़कर 93.8 प्रतिशत, 2024 में 95.3 प्रतिशत और 2025 में 102. 3 प्रतिशत हो गया। इसके मुकाबले अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं में क्रेडिट–टू–जीडीपी अनुपात 140 प्रतिशत से 200 प्रतिशत के बीच बना हुआ है। प्राइवेट क्रेडिट उन मध्यम आकार की कंपनियों विकास के चरण में मौजूद कारोबारों और कम परिसंपत्तियों वाले व्यवसायों की वित्तपोषण जरूरतों को पूरा कर रहा है, जिन्हें पारंपरिक ऋणदाताओं से पर्याप्त मदद नहीं मिल पाती है। इस क्षेत्र की वृद्धि के प्रमुख कारणों में बैंकों के सख्त ऋण नियम, विशेष जरूरतों के अनुरूप वित्तपोषण समाधानों की बढ़ती मांग, कर्ज के पुनर्वित्तपोषण के बड़े अवसर और दिवाला एवं कर्ज वसूली व्यवस्था का मजबूत होना शामिल हैं।

सकारात्मक वैश्विक संकेतों से बाजार में जोरदार रैली, सेंसेक्स 1,600 अंक से ज्यादा उछला, निफ्टी में 1.80 प्रतिशत की तेजी

मुंबई, एजेंसी। अमेरिकी मध्यावधि (मिडटर्म) चुनावों के नतीजों और कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच भारतीय शेयर बाजार ने गुरुवार को जोरदार शुरुआत की। इस दौरान प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी करीब 2 प्रतिशत की बढ़त के साथ खुले और बाजार में सभी प्रमुख सेक्टरों में खरीदारी देखने को मिली। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 1,609.54 अंक यानी 2. 08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,910.94 पर खुला, तो वहीं एनएसई निफ्टी 50 417.45 अंक या 1.74 प्रतिशत उछलकर 24,378.05 के स्तर पर खुला। वहीं, दिन के कारोबार में एक समय सेंसेक्स ने 2.09 प्रतिशत की तेजी के साथ 78,922.44 का इंट्रा–डे हाई छुआ, जबकि निफ्टी ने 1.80 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24391.95 के दिन के उच्चतम स्तर को टच किया।



सेक्टोरल आधार पर वित्तीय शेयरों में सबसे अधिक तेजी रही। निफ्टी प्राइवेट बैंक सूचकांक 2 प्रतिशत से अधिक चढ़ गया। रियल्टी सेक्टर भी मजबूत रहा और निफ्टी रियल्टी में 1.86 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इसके अलावा सीमेंट, ऑटो, आईटी, ऑयल एंड गैस और पीएसयू बैंक शेयरों में भी 1.8 प्रतिशत तक की तेजी देखने को मिली। इसके साथ ही, एफएमसीजी, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, मेटल, मीडिया और केमिकल सेक्टर के शेयर भी हरे निशान में कारोबार करते दिखाई दिए और इनमें 1

रेजरपे को 5,000–6,000 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए सेबी की मंजूरी मिली


नयी दिल्ली, एजेंसी। वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी रेजरपे को 5,000–6,000 करोड़ रुपए के प्रस्तावित आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिल गई है। मामले से परिचित सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी सार्वजनिक निर्गम के जरिये करीब पांच अरब डॉलर का मूल्यांकन हासिल करने का लक्ष्य रख रही है। रेजरपे ने भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष जून में गोपनीय माध्यम से आईपीओ के मसौदा दस्तावेज जमा कराए थे। गोपनीय तरीके से दस्तावेज जमा कराने की प्रक्रिया के तहत कंपनियां संवेदनशील कारोबारी जानकारी को तत्काल सार्वजनिक किए बिना समीक्षा के लिए सेबी के पास निर्गम दस्तावेजों का मसौदा जमा कर सकती हैं।

आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी के लिए स्कॉटलैंड टीम का ऐलान

नयी दिल्ली, एजेंसी। स्कॉटलैंड ने आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी के लिए अपनी टीम की घोषणा कर दी है। इस टूर्नामेंट में ऑलराउंडर कैथरीन ब्राइस टीम की कप्तानी करेंगी। यह टूर्नामेंट 12 नवंबर से यूएई में खेला जाएगा। ब्राइस ने हाल ही में इस साल की शुरुआत में महिला टी20 विश्व कप में स्कॉटलैंड की कप्तानी की थी, जहां उनकी टीम ग्रुप बी की छह टीमों में पांचवें स्थान पर रही थी। 10 टीमों वाली इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी के लिए उन्हें कप्तान नियुक्त किया गया है। स्कॉटलैंड की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। डार्सी कार्टर, सारा ब्राइस और कैथरीन फ्रेजर उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें पहले भी इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने का अनुभव है।

अमेरिकी चुनाव नतीजों के बाद धड़ाम हुआ कच्चा तेल, ब्रेंट क्रूड 94 डॉलर से नीचे फिसला

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक कच्चे तेल बाजार में गुरुवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई। ब्रेंट क्रूड 94 डॉलर प्रति बैरल से नीचे फिसल गया, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई भी 87 डॉलर प्रति बैरल के नीचे पहुंच गया। अमेरिकी मिडटर्म चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की बड़ी जीत और ईरान के साथ संभावित तनाव कम होने की उम्मीदों ने तेल की कीमतों पर भारी दबाव डाला है। इस बीच, भारतीय रुपया लगातार पांचवें सत्र में मजबूत हुआ। बुधवार को 94.64 के स्तर पर बंद होने के बाद रुपया गुरुवार को 29 पैसे की बढ़त के साथ 94.35 प्रति डॉलर पर खुला। बाजार में सबसे बड़ी चिंता रहे पश्चिम एशिया के भू–राजनीतिक जोखिमों का असर अब कम होता दिखाई दे रहा है। निवेशकों का मानना है कि अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों में



डेमोक्रेटिक बढ़त के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए ईरान के खिलाफ आक्रामक सैन्य रुख अपनाना पहले की तुलना में अधिक कठिन हो सकता है। इससे कूटनीतिक समाधान की उम्मीद बढ़ी है और तेल बाजार में जोखिम प्रीमियम कम हुआ है। गुरुवार को ब्रेंट क्रूड करीब 1 प्रतिशत गिरकर 93.65 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.36 प्रतिशत टूटकर 86.92 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा। इससे पहले दोनों बेंचमार्क बुधवार को 8 प्रतिशत से अधिक टूटे थे और अगस्त के अंत के बाद के सबसे निचले स्तर पर बंद हुए थे। इस सप्ताह अब तक कच्चे तेल की कीमतों में करीब 16 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी है, जो हाल के वर्षों की सबसे तेज साप्ताहिक गिरावटों में से एक मानी जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, खाड़ी देशों के सरकारी हलकों से जुड़े सूत्रों का मानना है कि ईरान पर बड़े पैमाने के सैन्य हमले की संभावना अब पहले की तुलना में कम हो गई है। वहीं राष्ट्रपति ट्रंप ने भी संकेत दिया है कि फिलहाल अमेरिका की ओर से ईरान पर तत्काल हमला करने की कोई योजना नहीं है। इसके साथ ही उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी युद्ध की उपयोगिता पर सवाल उठाए हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी नतीजों के बाद अमेरिकी प्रशासन पर कूटनीतिक समाधान खोजने का दबाव बढ़ सकता है।

100 प्रतिशत बायोएथेनॉल से चलने वाली टोयोटा इनोवा 26 नवंबर को होगी लॉन्च


नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत तेजी से हरित और स्वच्छ परिवहन की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आयोजित श्पावरिंग द नेक्स्ट माइलश कॉन्क्लेव में बोलते हुए उन्होंने घोषणा की कि 26 नवंबर को टोयोटा की इनोवा का 100 प्रतिशत बायोएथेनॉल–आधारित मॉडल लॉन्च किया जाएगा, जो पेट्रोल के बजाय पूरी तरह एथेनॉल पर चलेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि वर्तमान में एथेनॉल की कीमत करीब 75 रुपए प्रति लीटर है, जबकि पेट्रोल करीब 120 रुपए प्रति लीटर का है। उन्होंने बताया कि यह वाहन चलते समय अपनी लगभग 60 प्रतिशत शक्ति बिजली से उत्पन्न करेगा। ऐसे में औसत परिचालन लागत की गणना करें तो इसका खर्च पेट्रोल की तुलना में लगभग 25 से 30 रुपए प्रति लीटर के बराबर होगा। गडकरी ने कहा, इसी महीने 26 नवंबर को मैं टोयोटा की चार पहिया वाहन इनोवा लॉन्च करने जा रहा हूं, जो पेट्रोल की जगह पूरी तरह से 100 प्रतिशत बायोएथेनॉल पर चलेगी। एथेनॉल की कीमत 75 रुपए प्रति लीटर है, जबकि पेट्रोल की कीमत 120 रुपए प्रति लीटर है। यह वाहन चलते समय अपनी 60 प्रतिशत ऊर्जा बिजली से उत्पन्न करेगा। इसलिए, पेट्रोल की तुलना में औसत आधार पर गणना करने पर, प्रभावी लागत 25–30 रुपए प्रति लीटर के बराबर होगी।

प्रकाशक, मुद्रक एवम् संपादक विजय दुबे द्वारा 62, पार्वती नगर, पाण्डेयपुर, वाराणसी से प्रकाशित व काशी प्रिंटर्स, मिन्ट हाउस, वाराणसी से मुद्रित। समस्त विवादों को लखनऊ की सक्षम अदालतों में निपटाया जायेगा।

फोन : 91 8787220970
91 9839666352
आर.एन.आई.रूUPHIN/2008/32231
डाक पंजीयन : जी–2/न्यूज पेपर/59/2004.
E-mail: lokhastakshep@gmail.com

संपादकः विजय दुबे
कार्यकारी संपादकः दीप्ती दुबे '
संपादकीय सलाहकार : राधाकृष्ण मिश्र

'समाचारों के चयन व संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी



राष्ट्र निर्माता व विद्यार्थी भाग्य विधाता होते हैं शिक्षक : आशीष

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

गुरुग्राम । जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सह डायट प्रिंसिपल सुमिता रांगी के नेतृत्व एवं ट्रेनिंग विंग इंचार्ज सोना यादव की देखरेख में हरियाणा योग आयोग, पतंजलि विश्वविद्यालय हरिद्वार एवं शिक्षा विभाग हरियाणा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित 15 दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया है। डाइट गुरुग्राम ट्रेनिंग विंग के सदस्य डॉ ओमबीर यादव ने बताया कि पहले चरण में 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 21 अक्टूबर से प्रारंभ किया गया था, जिसमें गुरुग्राम, पटौदी व फरुखनगर खंड के शारीरिक शिक्षकों को शामिल किया गया, जिसमें पीटीआई, डीपीई एवं पीजीटी शारीरिक शिक्षा के शिक्षक शामिल थे। सत्र में हरियाणा योग आयोग के क्षेत्रीय पर्यवेक्षक



योगी आशीष शामिल हुए। प्रिंसिपल सुमिता रांगी ने क्षेत्रीय पर्यवेक्षक योगी आशीष का प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया। आयोजन में उप –जिला शिक्षा अधिकारी दीप्ति बोकन मौजूद रही। क्षेत्रीय पर्यवेक्षक योगी आशीष सिंह ने कहा कि हरियाणा योग आयोग के अध्यक्ष डॉ. जयदीप आर्य का संकल्प है कि योग प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय और प्रत्येक विद्यार्थी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित शिक्षक ही योग को विद्यार्थियों तक सही रूप में पहुंचा सकते हैं. एक शारीरिक शिक्षक अपने विद्यालय के सैकड़ों विद्यार्थियों को प्रतिदिन योग से जोड़ सकता है और यही विद्यार्थी आने वाले समय में स्वस्थ एवं सशक्त हरियाणा हरियाणा की नींव बनेंगे। दीप्ति बोकन ने कहा कि योग संपूर्ण जीवन का आधार है। उन्होंने सूर्य नमस्कार की महत्ता के बारे में विस्तारपूर्वक अपने विचार रखें। सुमिता रांगी ने कहा कि आपने जो कुछ भी यहां से सीखा है, उसे अपने विद्यार्थियों तक अवश्य पहुंचना है। योग को अपने जीवन में नियमित रूप से अपनाना है। नोडल अधिकारी सोना यादव ने सभी अतिथियों का हार्दिक धन्यवाद किया। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ डा. भूदेव, सतपाल सिंह, अनिल योगाचार्य, साहब सिंह, सोनी सोलंकी, जोगिंदर सिंह, अंजू बाला,पृथ्वीराज, तखत सिंह चौहान, अरुण कुमार राघव, मुकेश कुमार शर्मा आदि मौजूद रहें।

पूर्व आईएएस अरुण गुप्ता बने हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अरुण कुमार गुप्ता को हरियाणा विद्युत नियामक आयोग का नया चेयरमैन नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव पद से सितंबर 2026 में सेवानिवृत्त होने के करीब एक महीने बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। हरियाणा सरकार गुप्ता के अनुभव को देखते हुए उन्हें सेवा विस्तार देना चाहती थी और इसका प्रस्ताव केंद्र को भेजा गया था, लेकिन मंजूरी न मिलने के कारण वह 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हो गए थे। इसी वजह से वह मुख्यमंत्री के सिंगापुर दौरे पर जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में भी शामिल नहीं हो सके थे। अब बिजली नियामक आयोग के चेयरमैन के सामने बिजली दरों के निर्धारण, बिजली खरीद–आपूर्ति और उपभोक्ताओं के हितों से जुड़े मामलों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने

होर्मुज में समुद्री बारूदी सुरंग से टकराए टैंकर और टगबोट : ईरान

तेहरान, एजेंसी। ईरान ने गुरुवार को दावा किया कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजर रहे दो टैंकर्स और एक टगबोट में आग लग गई। उनके मुताबिक ये अनधिकृत रास्ते से निकलने की कोशिश कर रहे थे और इसी दौरान बारूदी सुरंग से टकरा गए जिससे आग लग गई। इसी बीच, ईरान की इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर यूनिट्स ने अमेरिका के दो श्लुकासश ड्रोन को अपने कब्जे में लेने का दावा भी किया है। ईरान की अर्ध–सरकारी न्यूज एजेंसी फार्स ने इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के हवाले से ये जानकारी साझा की। आईआरजीसी के अनुसार, ष्एक अनधिकृत रास्ते से गुजरने की कोशिश के दौरान होर्मुज स्ट्रेट में दो तेल टैंकरों और एक टगबोट में आग लग गई। आईआरजीसी के बयान अनुसार, बुधवार रात होर्मुज स्ट्रेट के दक्षिणी रास्ते से गुजरते समय एक बड़ा तेल टैंकर बारूदी सुरंग (माइन) से



टकरा गया, जिससे उसमें आग लग गई। वहीं, एक दूसरा सुपरटैंकर जलमार्ग के पूर्वी हिस्से से बाहर निकलते समय आग की चपेट में आ गया, और आग बुझाने के लिए भेजी गई एक टगबोट भी बाद में जलने लगी। बयान में कहा गया है कि अमेरिका द्वारा जहाजों को बारूदी सुरंगों वाले रास्तों से ले जाने की जिद के कारण, अमेरिकी करदाताओं और क्षेत्रीय सहयोगियों को भारी वित्तीय नुकसान उठाना पड़ रहा है और बीमा का खर्च भी बढ़ रहा है। वहीं, आईआरजीसी की नौसैनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर यूनिट्स ने दावा किया कि उनके वायुक्षेत्र में घुसे दो अमेरिकी लुकास ड्रोन को उन्होंने अपने नियंत्रण में ले लिया।

अजमेर में ट्रेलर ने दो युवकों को कुचला

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान के अजमेर जिले में सरवर–केकड़ी रोड पर सूरजपुरा गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो युवक ट्रेलर के नीचे फंस गए और करीब 15 से 20 मिनट तक वहीं दबे रहे। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए। अधिकारियों के अनुसार, सरवर के रहने वाले तीन युवक सुबह मोटरसाइकिल से केकड़ी जा रहे थे। सूरजपुरा गांव के पास, सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रेलर ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।

स्वदेशी अपनाएं, स्थानीय व्यापारियों और जरूरतमंदों के जीवन में खुशियों के दीप जलाए : सर्वप्रिय त्यागी

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

गुरुग्राम। भाजपा गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज के पावन अवसर पर समस्त देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने इस त्योहार पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया है।

सर्वप्रिय त्यागी ने नागरिकों से अपील की कि वे इस दीपावली पर विदेशी व अनावश्यक प्लास्टिक के सजावटी सामानों की जगह स्वदेशी और हस्तनिर्मित पर्यावरण अनुकूल वस्तुओं को अपनाएं। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि सडक किनारे मिट्टी के दीये, खिलौने और पूजा सामग्री बेचने वाले छोटे दुकानदारों व कुम्हारों से खरीदारी करें, क्योंकि हमारी एक छोटी सी खरीदारी कई मेहनतकश परिवारों के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान ला सकती है। मिट्टी के दीये हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं और इन्हें अपनाने से स्थानीय शिल्पकारों को सीधा आर्थिक संबल मिलता है।

गोवर्धन पूजा और भैया दूज की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति संरक्षण व सामूहिक कल्याण का संदेश देती है, जबकि भैया दूज भाई–बहन के पवित्र प्रेम और पारिवारिक संस्कारों का प्रतीक है। त्यागी ने अंत में संदेश दिया कि हमारी खुशियों में समाज का कोई भी जरूरतमंद पीछे न छूटेय जब प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ हर घर में दीप जलेगा, तभी हमारी दीपावली वास्तव में सार्थक होगी।

ट्रंप के समर्थन में मस्क ने खर्च किए 50 करोड़ डॉलर फिर भी रिपब्लिकन उम्मीदवारों को मिली करारी हार

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के मध्यावधि चुनाव में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों को जीत दिलाने के लिए दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपतियों में शामिल एलन मस्क ने पानी की तरह पैसा बहाया। इसके बावजूद चुनावी नतीजे उनकी उम्मीदों के विपरीत रहे और कई राज्यों में डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों ने जीत दर्ज कर उन्हें बड़ा राजनीतिक झटका दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, टेस्ला के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) मस्क ने रिपब्लिकन उम्मीदवारों के समर्थन में करीब 50 करोड़ डॉलर (लगभग 4,700 करोड़ रुपये) खर्च किए थे। मस्क ने सबसे अधिक रकम टेक्सास में खर्च की, जिसे वह अपना गृह राज्य मानते हैं। उन्होंने यहां करीब 22.5 करोड़ डॉलर



(लगभग 2,140 करोड़ रुपये) चुनाव प्रचार और रिपब्लिकन उम्मीदवारों के समर्थन में लगाए। इसके बावजूद टेक्सास में रिपब्लिकन को बड़ा झटका लगा। सीनेट की एक सीट और गवर्नर पद पर डेमोक्रेटिक उम्मीदवारों ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की। इसके अलावा प्रतिनिधि सभा और राज्य विधानसभाओं की कई सीटों पर भी मस्क के समर्थन वाले उम्मीदवारों को हार का सामना करना पड़ा। मस्क ने देशभर में कई राजनीतिक कार्रवाई समितियों और प्रमुख रिपब्लिकन उम्मीदवारों को आर्थिक मदद दी थी। उन्होंने सीनेट और प्रतिनिधि सभा की कुल 106 सीटों पर रिपब्लिकन उम्मीदवारों का समर्थन किया। अब तक सामने आए नतीजों के मुताबिक, इनमें से केवल 18 उम्मीदवार ही जीत दर्ज कर पाए, जबकि 45 को हार का सामना करना पड़ा। कुछ सीटों पर चुनाव परिणाम आना अभी बाकी है। रिपोर्ट के अनुसार, मस्क इस चुनाव में सबसे बड़े व्यक्तिगत दानदाता रहे। उन्होंने दूसरे सबसे बड़े दानदाता की तुलना में करीब तीन गुना अधिक रकम खर्च की। इसके बावजूद मेन, मिशिगन, मिनेसोटा, कंसास और आयोवा जैसे राज्यों में भी उन्हें निराशा हाथ लगी। जिन प्रमुख उम्मीदवारों पर मस्क ने विशेष रूप से पैसा लगाया था।

